श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 171, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 20 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## उत्तराखंड: नमामि गंगे प्रोजेक्ट में करंट, 15 की मौत

### सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में मौजूद 22 लोग चपेट में आए, घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ले गए



**चमोली: उत्तराखंड** के चमोली स्थित नमामि गंगे ऑफिस के सीवेर ट्रीटमेंट प्लांट में बुधवार सुबह 11:35 बजे करंट फैल गया। 22 लोग करंट की चपेट में आ गए। इनमें से 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 7 लोग घायल गए हो गए, जिनमें 2 गंभीर हैं। गंभीर घायलों को हेलिकॉप्टर से ऋषिकेष एम्स ले जाया गया। अन्य पांच का इलाज गोपेश्वर अस्पताल में चल रहा है। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के सेक्रेटरी अखिलेश मिश्रा ने यह जानकारी दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चमोली में हुए हादसे वाली जगह का दौरा करने के लिए जा रहे थे, लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वो वापस देहरादून लौट आए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के चमोली में करंट लगने से 15 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा- मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर घटना की जानकारी ली। प्रशासन घायलों को उपचार पहुंचाने में जुटा है। परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं, घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करता हूं.ट

अलकनंदा नदी के पास ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट के बाद करंट फैलने से लोगों की जान गई। हादसे की जगह पर लोहे की फेंसिंग में करंट फैलने से मौतें हुईं। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत एक साइट पर काम चल रहा था। यहां अचानक करंट फैल गया और कई लोग इसकी चपेट में आ गए।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा- घटना के मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू के लिए वहां मौजूद है। घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए हेलिकॉप्टर भी भेजी गई है। घटनास्थल पर सभी सहायता पहुंचाई जा रही है। वहीं स्थानीय विधायक ने कहा- प्रोजेक्ट साइट पर सुबह बिजली का तीसरा फेस डाउन हो गया था। इस फेस को दोबारा जोड़ते ही करंट फैल गया। पॉवर कॉरपोरेशन पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

### पीएम मोदी ने व्यक्त किया शोक

**चमोली** हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा गया कि अत्यंत पीड़ादायक! उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे से बहुत दुख हुआ है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना प्रकट करने के साथ ही सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

स्वास्थ्य मंत्री चमोली रवाना

चमोली में हुए दर्दनाक हादसे को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री डा धन सिंह रावत चमोली के लिए रवाना हो गए हैं। मौके पर जांच और हालात दोनों पर वह जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी चमोली के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए थे, लेकिन खराब मौसम की वजह से उन्हें आधे रास्ते से ही लौटना पड़ा।

मृतकों में पुलिसकर्मी भी शामिल: एडीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री वी गुरूगेशन ने बताया कि जनपद चमोली में करंट लगने से 15 लोगों की मृत्यु होने की दुखद घटना हुई है।

## मणिपुर सहित हर मुद्दे पर चर्चा को सरकार तैयार

### राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक



**नई दिल्ली: संसद** के मानसून सत्र की गुरुवार को शुरूआत हो रही है। ऐसे में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वह 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र में नियमों के तहत अनुमति प्राप्त और सभापति द्वारा अनुमोदित हर मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सत्र के लिए 32 विधायी मुद्दे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार ने सभी दलों को यह जानकारी दी कि हम मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

वहीं, सूत्रों ने बताया कि इससे पहले प्रह्लाद जोशी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई व्यापार सलाहकार समिति की बैठक में कहा था कि सरकार मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

स्थगन प्रस्ताव लाने की तैयारी में कांग्रेस: बता दें कि मानसून सत्र में विपक्षियों द्वारा उठाए गए हिंसाग्रस्त मणिपुर के मुद्दे को लेकर जोरदार हंगामे की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, ढाई महीने से मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री ने चुप्पी साधी है। कल से सदन भी शुरू होने वाली है,।

### 'विपक्ष के मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत'

**हम** चाहते हैं कि बालेश्वर हादसे, महंगाई, बेरोजगारी, इंडो-चीन स्थिति और इंडो-चीन ट्रेड में जो असंतुलन हो रहा है, उसपर चर्चा हो। जिस तरह से संघीय ढांचे पर प्रहार हो रहा है उस पर चर्चा होना जरूरी है...सत्तारूढ़ पार्टी अगर सदन चलाना चाहती है तो विपक्ष के मुद्दों पर ध्यान देना जरूरी है।

## जनता और सरकार के बीच की कड़ी है संसद: लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली। संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण** संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे बांग्लादेश की संसद के अधिकारियों ने बुधवार को संसद भवन परिसर में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में संसद की विशेष भूमिका है। यहां कानून बनते हैं और साथ-साथ कार्यपालिका की जवाबदेही और पारदर्शिता तय होती है। उन्होंने आगे कहा कि संसद जनता और सरकार के बीच की कड़ी है ।

## छह वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया गया: योगी

### 'गरीबी को दूर करने में प्रमुख पैरामीटर साबित हुई है शिक्षा'



**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा स्कूलों में बच्चे आने से डरते थे, लोगों में उत्साह नहीं था। स्कूलों में पेड़ों की जगह झाड़ियां जमा रहती थीं। आज उन्हीं विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती हुई दिखाई देती है। आज अभिभावक अपने बच्चे को स्कूल भेजना चाहता है। उसके मन में जिज्ञासा पैदा हुई है। विगत 06 वर्षों में 55 से 60 लाख अतिरिक्त बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में आए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शिक्षा सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी की खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये की धनराशि उनके माता-पिता के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी करने के अवसर पर कहा कि आज बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 01 करोड़ 91 लाख को पार कर चुकी है। जब इस संख्या को देखता हूं तो सोचता हूं कि कई देशों की आबादी इतनी नहीं है। विगत 06 वर्षों में उत्तर प्रदेश में समग्र विकास की भावना को साकार करते हुए क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है।

### 06 वर्ष में की गईं 1.64 लाख शिक्षकों की भर्ती

'**मुख्यमंत्री** योगी ने कहा कि 2017 के पहले की स्थिति क्या थी, शिक्षकों की भारी कमी थी। मुझे आश्चर्य होता है कि कुछ लोग इस बात की चर्चा करते हैं कि 5 वर्ष से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई। पिछले 06 वर्ष में एक लाख 64 हजार शिक्षकों की भर्ती बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद में हुई है। जो लोग रिटायर हो रहे हैं, जहां अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता होती है, वहां पर निरंतर इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी के लिए प्रदेश के अंदर एक शिक्षा आयोग बनाने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है और बहुत जल्द हम इसका गठन करने जा रहे हैं। इसके साथ ही समय समय पर शिक्षकों के रिफ्रेशर कोर्स चलाने चाहिए। शिक्षक यदि अपडेट होगा तो वो पूरी पीढ़ी को अपडेट कर देगा। हमारा प्रयास होना चाहिए कि डायट खाली न हो, योग्य शिक्षक जाएं। उन्हें अतिरिक्त सुविधाएं दीजिए। शिक्षकों को और पारंगत करने के लिए वहां जो भी गैप है ।

गरीबी को दूर करने में प्रमुख पैरामीटर साबित हुई है शिक्षा: मुख्यमंत्री योगी ने नीति आयोग की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को गरीबी से मुक्त करने के जिस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है, वह बड़ी उपलब्धि है। उत्तर प्रदेश में जो लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं वो सक्षम हुए हैं। नीति आयोग ने जो पैरामीटर तय किए थे, उसमें सबसे पहला पैरामीटर शिक्षा ही था। शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं और आने वाले 5-10 साल में इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। इसके लिए उन सभी शिक्षकों व गुरुजनों का आभार है जिन्होंने आगे आकर इसे नेतृत्व दिया, आज उसके परिणाम सबको देखने को मिल रहे हैं।

## कर्नाटक में पांच संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

### बेंगलुरु को दहलाने की थी साजिश; गोला-बारूद सहित सैटेलाइट फोन बरामद




**बेंगलुरु: केंद्रीय** अपराध शाखा ने कर्नाटक में पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों की पहचान सैयद सुहेल, उमर, जनिद, मुदासिर और जाहिद के रूप में की गई है। इसके साथ ही सीसीबी ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी जब्त की है।

बेंगलुरु में धमाके की थी योजना: आशंका जताई जा रही है कि इन सभी आतंकियों ने बेंगलुरु में धमाका करने की योजना बनाई थी। सीसीबी ने बताया कि ये पांचों 2017 के एक हत्या मामले में आरोपी हैं और परप्पाना अग्रहारा सेंट्रल जेल में रहने के समय आतंकियों के संपर्क में आए।

भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद: सेंट्रल क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किए गए पांचों संदिग्ध आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार सहित अन्य समान बरामद हुआ है। सीसीबी ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों के पासे से चार वॉकी-टॉकी, सात देशी पिस्तौल, 42 जिंदा गोलियां, दो खंजर, दो सैटेलाइट फोन और चार ग्रेनेड बरामद किए गए हैं।

लश्कर ए तैयबा से जुड़ा है कनेक्शन: बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने कहा कि 2008 बेंगलुरु सीरियल ब्लास्ट का आरोपी टी नजीर, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। गिरफ्तार किए गए पांच संदिग्ध आतंकी को 2008 के सीरियल ब्लास्ट के आरोपी टी नजीर ने कट्टरपंथी बनाया था।

## उत्सर्जन में कमी के लिए विकासशील देशों को मिलेंगे 100 अरब डॉलर




**नई दिल्ली: जलवायु** परिवर्तन के तहत उत्सर्जन को कम करने के उपाय के लिए विकसित देश इस साल विकासशील देशों को 100 अरब डॉलर देंगे। जी-20 समूह के देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के बीच हुई बैठक में इस बात को लेकर सहमति बन गई है। भारत की अगुआई में यह फैसला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि आठ साल पहले हुए पेरिस समझौते के बाद विकसित देशों ने विकासशील देशों को समझौते के तहत अपनाए जाने वाले उपायों के लिए हर साल 100 अरब डालर देने का वादा किया था, लेकिन किसी तरह का भुगतान नहीं किया गया था। पहली बार विकसित देश इस मद में वित्तीय मदद देने के लिए राजी हुए हैं। गांधीनगर में जी-20 समूह से जुड़े देशों के वित्त मंत्रियों की दो। है।

### ओटीटी प्लेटफार्म की बैठक में अनुराग ठाकुर ने दिया कड़ा संदेश

## 'भारतीय संस्कृति का नहीं करने देंगे अपमान'



**नई दिल्ली: सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ओवर द टॉप (ओटीटी) मीडिया प्रसारकों से मंगलवार को कहा कि सरकार रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर भारतीय संस्कृति और समाज को अपमानित करने की अनुमति नहीं देगी। अनुराग ठाकुर ने यह बात ओटीटी प्लेटफार्म के प्रतिनिधियों की एक बैठक के दौरान कही। उन्होंने ओटीटी प्रसारकों से मंचों का उपयोग दुष्प्रचार एवं विचारधारा आधारित पक्षपात के लिए नहीं करने को कहा।

'देश की सांस्कृतिक विविधता के प्रति संवेदनशील हो ओटीटी': अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत एक विविधताओं से भरा देश है। ओटीटी प्लेटफार्म को देश की समग्र चेतना को प्रदर्शित करना चाहिए और सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए स्वस्थ अनुभव वाली सामग्री प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहे हैं, ऐसे में इन प्लेटफार्म को देश की सांस्कृतिक विविधता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।

'रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता नहीं परोसी जाए': अनुराग ठाकुर ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गठजोड़ एवं सम्पर्कों को और मजबूत बनाने पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म की यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि उनके मंच से रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता नहीं परोसी जाए।

## प्रयागराज में मां-बहन की हत्या, पिता को घायल किया

**प्रयागराज: प्रयागराज में** एक बेटे ने मां और बहन की चाकू मारकर हत्या कर दी। पिता और भतीजे को भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पथराव करने लगा। इसके बाद छत और खिड़की से एसिड से भरी 250 बोतलें फेंकी। पुलिस को रोकने के लिए युवक ने घर में गैस सिलेंडर खोलकर आग लगा दी। युवक को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले घर में छोड़े गए। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है। हमले में 24 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घर में घायल पड़े पिता को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मां और बेटी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बड़ा भाई बोला- एक हफ्ते से कर रहा था प्लानिंग: आरोपी के बड़े भाई ने बताया कि आरिफ एक हफ्ते से हमले की प्लानिंग कर रहा था। उसने हमसे कहा था कि मकान खाली कर दो। डी ब्लॉक में दूसरा घर बना है, वहां पर जाकर रहो। हम नहीं गए तो आज उसने मां और बहन की हत्या कर दी और घर में भी आग लगा दी।

## सुप्रीम कोर्ट वैवाहिक रेप को अपराध में दायरे में रखने के मसले पर सुनवाई को तैयार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट वैवाहिक रेप को अपराध में दायरे में रखने के मसले पर सुनवाई करेगा। आज वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने इस मामले पर जल्द सुनवाई की मांग करते हुए चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन किया, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई करने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 16 सितंबर, 2022 को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट को ये तय करना है कि पति का पत्नी के साथ जबरन संबंध बनाना रेप है कि नहीं। 11 मई, 2022 को दिल्ली हाई कोर्ट ने वैवाहिक रेप के मामले पर विभाजित फैसला दिया था। जस्टिस राजीव शकधर ने जहां भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अपवाद को असंवैधानिक करार दिया था वहीं जस्टिस सी हरिशंकर ने इसे सही करार दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करेगा। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि उसका ये रुख नहीं है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के अपवाद 2 को हटाया जाए या रखा जाए। केंद्र सरकार अपना रुख संबंधित पक्षों से मशविरा के बाद ही तय करेगी। सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता के वकील कॉलिन गोंजाल्वेस ने वैवाहिक रेप को अपराध बनाने की मांग की थी। गोंजाल्वेस ने ब्रिटेन के लॉ कमीशन का हवाला देते हुए वैवाहिक रेप को अपराध बनाने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान गोंजाल्वेस ने कहा था कि यौन संबंध बनाने की इच्छा पति-पत्नी में से किसी पर भी नहीं थोपी जा सकती है। उन्होंने कहा था कि यौन संबंध बनाने का अधिकार कोर्ट के जरिये भी नहीं दिया जा सकता है। ब्रिटेन के लॉ कमीशन की अनुशंसाओं का हवाला देते हुए गोंजाल्वेस ने कहा कि पति को पत्नी पर अपनी इच्छा थोपने का अधिकार नहीं है।

## अब तक 3 करोड़ से ज्यादा आईटीआर हुए फाइल




**नई दिल्ली: 31** जुलाई से पहले देश के हर टैक्सपेयर को अपना इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करना जरूरी है। इसी के मद्देनजर आज आयकर विभाग ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के लिए अब तक 3 करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल किए जा चुके हैं, जिनमें से 91 प्रतिशत को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सत्यापित किया गया है।

आईटी विभाग ने ट्वीट कर बताया है कि 18 जुलाई, 2023 तक दाखिल किए गए 3.06 करोड़ आईटीआर में से 2.81 करोड़ आईटीआर ई-सत्यापित किए गए हैं यानी 91 प्रतिशत से अधिक दाखिल आईटीआर ई-सत्यापित किए गए हैं! ई-सत्यापित आईटीआर में से 1.50 करोड़ से अधिक आईटीआर पहले ही संसाधित हो चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### नलकूप चालू होने के बाद भी पाइप लाइन नही बिछी

### अधिशाषी अभियंता के लापरवाही से धान की रोपाई नही हो पाई

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के बरवा नलकूप 33 लगभग 2 वर्ष से रिबोर हुआ है नलकूप पूरी तरह से चालू है लेकिन आज तक पाइप लाइन नहीं बिछी जब कि पाइप लाइन का आदेश हो गया था लेकिन अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग ने मना कर दिया कि पाइप नहीं बिछेगी किसानों के पूँछने पर वो भड़क गए इससे साफ जाहिर है कि पाइप बेंच ली गई और यह काम अधिशासी अभियंता ने कराया है। किसानों ने जब मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की बात कही तो अधिशासी अभियंता कहते हैं मुझे किसी का डर नहीं है कहीं भी मेरी शिकायत कर दो।अभी तक पचासों बीघे जमीन पड़ी है जिसमें धान की रोपाई नहीं हो पा रही है।किसान बेचारे परेशान हैं।इधर सरकार कह रही है किसानों को सारी सुविधा दे रहे हैं लेकिन इस अधिशासी अभियंता को सरकार का भी खौफ नहीं है। गांव के सैकड़ों किसानों का कहना है कि पाइप तुरंत मुहैया कराये नहीं तो इसके खिलाफ सख्त कार्यवाही हो। किसानों का आक्रोश योगी सरकार के प्रति देखा गया।

# जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण हेतु चिन्हित स्थल एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल चिकित्सालय का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को विकास खण्ड भगवतपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल 100 शैय्या चिकित्सालय के सामने बड़े स्तर पर वृक्षारोपण हेतु चिन्हित वृहद स्थल का प्रभागीय वनाधिकारी महावीर कौजलगी के साथ निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी से बड़े स्तर पर वृक्षारोपण हेतु की गयी तैयारियों एवं पौधरोपण के बाद उनके देखभाल की समुचित व्यवस्था की जानकारी ली। प्रभागीय वनाधिकारी के द्वारा बताया गया कि यहां पर 3.5 हे0 की भूमि पर लगभग 11,500 पौधों का रोपण किया जायेगा, जिसमें आम, शीशम, महुआ, अर्जुन, कंजी, अमलतास, कचनार आदि कुल 25 प्रजाति के छोटे व बडे पौधों का रोपण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण हेतु चिन्हित 3.5 हे0 में गड्ढ़ा खुदायी व खाद मिश्रित कर पुनः गड्ढ़े की भराई कर उन्हें वृक्षारोपण हेतु तैयार कर लिया गया है एवं पूरे क्षेत्र की तार लगाकर फेंसिंग का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र का बाद में लगभग 8 हे0 तक विस्तार किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने वहां पर पौधरोपण हेतु रखे गए पौधों को भी देखा एवं उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने प्रशंसा करते हुए इसी तरह के और भी वृहद स्थानों का चयन कर वहां पर भी वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल 100 शैय्या चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, बीडीओ भगवतपुर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नैनी में महापौर ने किया जनसंपर्क किया

**नैनी।** महापौर गणेश केसरवानी का हनुमान नगर में भाजपा नेता अशोक अग्रवाल उर्फ टीनू के निज प्रतिष्ठान पर जहां पर नैनी मंडल सहित भाजपा कार्यकताओं एवं व्यापारी भाइयों ने उनका भव्य स्वागत किया जन सुनवाई के तहत तत्काल कई समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को महापौर द्वारा आदेशित किया गया तत्पश्चात महापौर तथा महानगर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा नैनी मंडल के भाजपा कार्यकताओं एवं नैनी मंडल के भाजपा पार्षदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के तहत श्री मोदी जी को समर्थन देने के लिए 90 90 90 20 24 पर मिस कॉल करके जनसंपर्क हनुमान नगर नैनी स्टेशन रोड नैनी बाजार से शंकर ढाल सभी जनमानस से तथा व्यापारी भाइयों से अपना जन संपर्क करते हुए तथा उनसे मिस कॉल करवा कर उनसे समर्थन प्रदान करने की अपील की गई जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से वरुण रवि केसरवानी महानगर महामंत्री भाजपा श्री राजेंद्र शुक्ला महानगर कार्यालय मंत्री भाजपा ज्ञानेश्वर शुक्ला श्री दिलीप केसरवानी नैनी मंडल अध्यक्ष भाजपा बबलू तिवारी राजेश तिवारी अशोक अग्रवाल सुरेश विश्वकर्मा रवि मिश्रा सुनील केसरवानी मंगला ताऊ सहित नानी मंडल के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं के साथ नैनी मंडल के पार्षद महेंद्र यादव अनूप भारतीय डब्बू सिंह पार्षद मयंक यादव सोनू विश्वकर्मा बंटी जीतू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बाढ़ के बचाव हेतु जागरूकता के लिए गांव-गांव चौपाल शुरू



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में बाढ़ के आशंका के चलते प्रसाशन अलर्ट हैं। अब ग्रामीणों को जागरूक बनाने के लिए चौपाल शुरू किया गया हैं। चौपाल में ग्रामीणों को बैठाकर बाढ़ के बचाव के उपाय सुझाये जा रहे है। हलाकि अभी नदियां उफान पर नहीं है। लेकिन बाढ़ की आशंका हैं, जिसके चलते पुराने मंजर याद करके लोग काप रहे है। बारिश और बाढ़ से बचाव के लिए टोंस नदी के तट पर बसे गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को बाढ़ से बचाव कैसे किया जाए इसके लिए चर्चा किया गया। विकास खण्ड मेजा के अन्तर्गत ग्राम सभा बरसैता में लेखपाल धवल पाण्डेय राजस्व विभाग की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। बाढ़ से बचने के लिए जानकारी दिया गया। वही प्रशासन की ओर से लगाये जाने वाले राहत कार्य की जानकारी दिया गया। उक्त मौके पर ग्राम प्रधान राधेश्याम निषाद, क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश तिवारी और भारी संख्या में ग्रामवासियों मौजूद रहे।

### सावन एवं मोहर्रम पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र नगर पंचायत सिरसा में एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक संपन्न। सावन और मोहर्रम के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की गई। सावन का त्योहार और मोहर्रम एक ही साथ पड़ने से पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और चौकन्ना हैं।बता दें कि नगर पंचायत सिरसा में एसडीएम अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शिव गंगा वाटिका में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोहर्रम को लेकर बात हुई और सिरसा वासियों से अपील की, कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। समाजिक माहौल बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही होगी। ऐसा कोई कार्य न किया जाय कि दूसरे को तकलीफ हो।उक्त मौके पर पूर्व चेयरमैन श्याम कृष्ण सिंह उर्फ पप्पू यादव,एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र, मेजा थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय, सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश कुमार, दरोगा गौरव यादव, ग्रामप्रधानों और नगरपंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

### मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



**जारी।** दिन मंगलवार को मुहर्रम को लेकर कौंधियारा थाना में एसीपी राजीव यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुहर्रम को लेकर एसीपी राजीव यादव ने कौंधियारा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की लोगों से अपील की। मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने व आपसी भाईचारा बनाए रखने की बात कही। और कहा कि किसी को भी सौहार्द बिगड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संवेदनशील स्थानों पुलिस की पैनी नजर रहेगी। तो वही थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र के रोजदार जनप्रतिनिधियों सहित लोग मौजूद रहे।

### सहसों बगई संपर्क मार्ग खस्ताहाल आवागमन बाधित




**सहसों।** सहसों से बगई संपर्क मार्ग लगभग चार किलोमीटर वर्षों से खस्ताहाल है। कई बार जन प्रतिनिधियों से इस संबंध में प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी आज तक नहीं बनाया जा सका। बारिश से सड़क पर बने गड्ढे दलदल का रूप ले लिया है। जिससे राहगीरों सहित किसानों, बच्चों एवं महिलाओं को आने जाने में काफी कठिनाई हो रही है। शिकायत के बाद उन गड्ढों में ईट डालकर बराबर कर दिया जाता है। बड़े-बड़े वाहनों के आने जाने से ईट पूरी तरह से टूटकर चूर हो जाने से सड़क दलदल का रूप ले लिया है। दिन में राहगीर तो चले जाते हैं परंतु रात के समय दलदल में साइकिल तथा पैदल वाले राहगीर फंस कर गिर जा रहे हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। स्थानीय लोगों बजरंग बहादुर सिंह, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हरिशंकर सिंह, भंवर सिंह, राजेंद्र भारतीय, हरिशंकर भारतीय आदि लोगों ने जनप्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### बंदीपटी-धनूपुर मार्ग कीचड़ युक्त आवागमन बाधित



**धनूपुर।** बंदीपटी से धनूपुर बाजार जाने वाली सड़क मरम्मत के अभाव में जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई है। बारिश के कारण गड्ढों में जगह जगह जलभराव हो गया है आवागमन बाधित हो रहा है लोग गिरकर चुटहिल हो रहें हैं।इस मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है रोज दुर्घटना होती है।बारिश में गड्ढे में जल भराव एवं कीचड़ होने के कारण सड़क पर वाहन रेंगते हुए चलते हैं अधिक स्पीड में कोई भी गाड़ी नहीं चल सकती क्योंकि इतने अधिक गड्ढे हो गए हैं। बावजूद इसके प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क के गड्ढों पर नहीं जा रहा जिसके कारण आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आवागमन बाधित हो गया है।

### शिव मंदिर रस्तीपुर में भोलेनाथ का भक्तों ने किया रूद्राभिषेक



**जंघई।** इच्छापूर्ति शिव मंदिर रस्तीपुर प्रांगण में सावन माह में भक्तगण भोले बाबा का दूध व गंगाजल से अभिषेक कर मंगल कामना कर रहे हैं माहौल भक्ति से ओत प्रोत है हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा है भक्तों द्वारा मत्था टेक कर मंगल कामना किया। शिवलिंग पर गंगा जल, दूध, दही, अक्षत, मिष्ठान, फल, फूल जैसे कई द्रव्यों से अभिषेक किया गया भोलेनाथ को भांग-धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मंदार पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करने के बाद भव्य तरीके से पूजन अर्चन आरती प्रसाद का आयोजन किया गया।भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं पूजा विधि विधान से की जा रही है। इस अवसर पर आचार्य पं. शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सूर्यमान चतुवेर्दी, चन्द्रमणि चतुवेर्दी, ओमप्रकाश चतुवेर्दी, रामेश्वर तिवारी, सतीश तिवारी, त्रिलोकी नाथ चतुवेर्दी, द्वारिका नाथ चतुवेर्दी, राकेश चतुवेर्दी, पिंटू सिंह, अरविंद सिंह, अजीत सिंह, सर्वजीत सिंह अन्नू, रजनीश चतुवेर्दी, विशाल दुबे, मंगला चतुवेर्दी, कुनाल चतुवेर्दी, राजन पांडेय आदि भक्तों द्वारा पूजन अर्चन किया जाता है।

# NFSM योजना : किसानों की आय बढ़ाएंगे मिलेट्स, प्रमुख ने वितरित किया बीज

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** मोटे अनाजों की गुणवत्ता से हर कोई वाकिफ है। मोटे अनाज खाकर ही पुराने जमाने में लोग दिन-दिनभर खेती-किसानी में मेहनत किया करते थे। समय के साथ-साथ हमारी थाली से मोटे अनाज गायब हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एक बार फिर से मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को श्री अन्न योजना (NFSM) के तहत यमुनापार के किसानों को मिलेट्स (सांवा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, अरहर आदि) के बीज का वितरण किया गया। राजकीय कृषि बीज भंडार शंकरगढ़ पर NFSM योजना के तहत क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्मला देवी ने क्षेत्र के 165 उन्नतिशील किसानों को मिलेट्स के बीज का वितरण किया गया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि आजकल विदेशों में भी भारतीय मोटे अनाजों की काफी डिमांड है। इसके उत्पादन से न सिर्फ किसानों की आय में इजाफा होगा, बल्कि हमारी सेहत भी सुधरेगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह पटेल ने मोटे अनाजों के फायदे गिनाए। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किसानों से मोटे अनाजों की खेती की तरफ लौटने का आह्वान किया। राजकीय कृषि बीज भंडार प्रभारी राहुल सिंह ने किसानों का आह्वान किया कि वह परंपरागत खेती के साथ-साथ अब मोटे अनाजों के उत्पादन की तरफ कदम बढ़ाएं। इस दौरान किसानों को आधुनिक तकनीक के जरिए खेती करने की जानकारी दी गई। एडीओ पीपी अनुराधा सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर प्रकाश डालते हुए कीट प्रबंधन की भी जानकारी दी। 165 किसानों को मिनी किट के रूप में सांवा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा आदि मोटे अनाजों का पैकेट बुवाई के लिए बांटा गया। संचालन मुकेश सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह, प्रधान महैवा पहलवान मंगलेश सिंह, बसहरा उपरहार राजकरन सिंह, श्यामबाबू सिंह, संकठा प्रसाद, शैलेंद्र सिंह, रवींद्र कुमार, गुलाब सिंह, इंद्रसेन, राजकुमार, सुनीता देवी, सावित्री देवी, रीता देवी, हरिदर्शन यादव, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।



### निःशुल्क ज्वार,बाजरा, रागी,सावा एवं अरहर के बीज से 50 किसान हुए लाभान्वित

**करछना।** प्रयागराज बुधवार को राजकीय कृषि बीज भंडार करछना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मिनी किट वितरण का कार्यक्रम किया गया? जिसमे मिन किट में उन्नत किसानों को उपज के लिए सरकार ने अच्छे ज्वार बाजरा,सावा रागी, और अरहर के बीज का निः शुल्क देकर लाभान्वित किया, मिनी किट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड करछना के ब्लाक प्रमुख सरोज द्विवेदी प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी द्वारा मिनी किट का किसानों को वितरण किया गया प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार संदीप कुमार पटेल ने बताया कि किसानों के लिए उत्तर प्रदेश मिलिटेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत श्री अन्न का वितरण किया गया जिसमें पचास किसान लाभान्वित हुए तथा जो किसान वंचित रह गए हैं उनको भी इस योजना का लाभ मिलेगा इस अवसर पर प्रमोद कुमार, रितेश राज, अंकित सिंह , अमित मालवीय तथा गिरधारी लाल मनीराम फूलचंद पारसनाथ आदि बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हुए।

# शोक संतप्त परिजनों से मिले विधायक दिलाया भरोसा



अखंड भारत संदेश

**करछना।** पावर हाउस में बिजली विभाग की लापरवाही से बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़े नितिश कुमार पटेल की गत दिनों हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। वुधवार को मृतक नितिश कुमार पटेल के घर पहुंचे करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद ने पत्नी और बच्चो से मुलाकात कर उन्हें आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया इस मौके पर व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी नन्हे पांडे , प्रमोद तिवारी सोहगौरा ब्रदर्स, सुरेश पांडे प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी , के साथ ग्राम प्रधान जगजीवन राम के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे

# शहीद मंगल पांडे की जयंती समारोह का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



मंगल पांडे की जयंती मनाते नवयुवक ब्राह्मण समाज के लोग।

**सहसों।** देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद मंगल पांडे की जयंती के अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण समाज प्रयागराज के तत्वावधान में केन्द्रीय कार्यालय पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में बुधवार को जयंती समारोह का आयोजन कर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं तथा क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए याद कर शत शत नमन किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र ने स्वतंत्रता सेनानी ब्राम्हण पुत्र मंगल पांडे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संगठन के साथियों के साथ मंगल पांडे को याद करते हुए हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई। जयंती समारोह के अवसर पर उन्होंने कहा कि मंगल पांडे हमारे समाज के आन बान शान थे तथा उन्होंने स्वाधीनता की चिंगारी को धधकती हुई अग्नि में बदल कर स्वतंत्रता सेनानियों को एक नई दिशा व प्रेरणा दी। जिससे गुलामी की बेड़ियों से मुक्त होने की एक नई आशा मिली। उन्होंने कहा हम ऐसे भारत मां के प्रति प्रथम एवं सर्वोच्च बलिदान देने वाले एवं अट्ठारह सौ सत्तावन में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पंडित मंगल पांडे को उनकी जयंती पर एक बार फिर हम सब उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं। इस अवसर पर जयंती समारोह कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने ब्राह्मण समाज के एकजुटता एवम् उन्नति के लिए शपथ ली। समारोह में प्रमुख रूप से विनोद शुक्ल, सूर्य मणि पांडे, प्रमोद शुक्ला, शिशिर मिश्र, प्रमोद पांडेय, सुनील त्रिपाठी, आनंद शुक्ला, प्रवेश शुक्ला, भुनेश शुक्ला, कृष्णदेव दुबे, चिंतामणि शुक्ला, शिवा पांडे, अमन मिश्र भीम, भगवत मिश्र, संजय पांडेय, सुभाष शुक्ला, सूर्यमणि मिश्र, पवन शुक्ल, अजीत पांडे, कमला शंकर शुक्ला, दिनेश कुमार शुक्ल, मम्मू मिश्र, मनोज शुक्ला, रामचंद्र गिरी, प्रशांत तिवारी, विनय शुक्ल, पंकज शुक्ला, मधु शर्मा, आशीष शुक्ल, प्रमोद तिवारी आजाद, कृष्ण बल्लभ दुबे, आदि उपस्थित रहें।







# खूझी गांव की सड़क बरसात के मौसम में गड्ढों में तब्दील

## जलजमाव के कारण गमना गमन बाधित, ग्रामीणों को करना पड़ रहा भारी परेशानी का सामना

अखंड भारत संदेश

**जारी।** विकासखंड जसरा बारा विधानसभा अन्तर्गत ग्रामसभा खूझी के ग्रामीण द्वारा छोटी खूझी सड़क मार्ग को लेकर के सोसल मीडिया में लगातार विरोध जारी है, ग्रामीणों के अक्रोशित होने के मुख्य कारण है कि स्थानीय विधायकों और सांसदों को विगत वर्षों से कई बार लिखित शिकायत पत्र व सड़क बनवाने की सिफारिश व प्रार्थना पत्र देने के बावजूद सड़क की स्थिती में कोई सुधार नहीं हुआ और आज भी सड़क गड्ढों में मौजूद हैं। बारिश के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। तो इन दिनों बारिश के कारण सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। सड़कों पर पानी भी भरा है।ऐसे में वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं हो रहा है। ग्रामसभा खूझी में ग्रामीणों के कई पीढ़ी बितने के साथ साथ सरकार आती रहीं और जाती रहीं लेकिन काली सड़क कार्य व निर्माण नहीं करवाया गया ।क्योंकि इससे पहले बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और अब वर्तमान में भाजपा पार्टी की सरकार के विधायक और सांसद को भी शिकायत दर्ज करवाई गईं हैं। और सड़क मार्ग की स्थिती वैसे ही हैं जैसे पहले थी । आपको बता दें कि सरकार द्वारा इस सड़क को लेकर जल्द से जल्द नवीनीकरण सड़क में कार्य नहीं करवाते हैं तो ग्रामीण इसी सड़क पर धान रोपण कार्य करेंगे और इसके बाद स्थानीय विधायक, सांसद मौजूदा सरकार के खिलाफ पैदल मार्च व विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर प्रवीण सिंह का कहना की जबसे मेरी पोस्टिंग ग्राम सभा खूझी में हुआ है छोटी खूझी के सड़क को गड्ढों में तब्दील हैं। और इसी कारण ठीक से स्कूल में नौनिहाल बच्चों को शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि सड़क की दुर्दशा देखते हुए घर के परिजन अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं।

महिला ग्राम निवासी मनोज कुमारी का कहना है कि मेरी ससुराल हैं इस गांव में जब से आयी हूं खंडहर सड़क जैसी थी और आज भी वैसी ही है। गांव के आशीष राज त्रिपाठी समाजसेवी, नीरज त्रिपाठी, श्याम सिंह, निगम प्रसाद त्रिपाठी, शियाशंकर यादव, रवि त्रिपाठी, कपिल पाल, शिवशंकर पाल पूर्व ग्रामप्रधान खूझी, लालजी पाल पूर्व ग्रामप्रधान खूझी, बुधनारायण पाण्डेय, नेहा तिवारी, पूजा त्रिपाठी मानगो देवी,आशीष पाल ग्रामप्रधान खूझी, निरंजन प्रसाद दुबे, सतीश कुमार तिवारी, रामरति हरिजन, आदि ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द रोड का निर्माण हो। बावजूद इसके जिम्मेदार अधकारी और जनप्रतिनिधियों का इस ओर ध्यान नहीं जा रही है।









# करेली में मां-बहन की हत्या, पिता को भी किया घायल

## घर में लगाई आग, पुलिस और भीड़ पर एसिड से भरी 250 बोतलें फेंकी, 24 घायल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करेली में एक बेटे ने मां और बहन की चाकू मारकर हत्या कर दी। पिता और भतीजे को भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पथराव करने लगा। इसके बाद छत और खिड़की से एसिड से भरी 250 बोतलें फेंकी। पुलिस को रोकने के लिए युवक ने घर में गैस सिलेंडर खोलकर आग लगा दी। युवक को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले घर में छोड़े गए। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है। हमले में 24 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घर में घायल पड़े पिता को स्वरूप रानी अस्पताल में भती कराया है। जबकि मां और बेटी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी के बड़े भाई ने बताया कि आरिफ एक हफ्ते से हमले की प्लानिंग कर रहा था। उसने हमसे कहा था कि मकान खाली कर दो। डी ब्लॉक में दूसरा घर बना है, वहां पर जाकर रहो। हम नहीं गए तो आज उसने मां और बहन की हत्या कर दी और घर में भी आग लगा दी। मेरे बेटे पर भी हमला किया। चीख सुनकर पहुंचा तो मुझ पर भी हमला किया। किसी तरह से मैं अपने बेटे को लेकर वहां से भागे। डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने बताया- गौस मोहल्ला से सूचना मिली कि मोहम्मद आरिफ नाम के व्यक्ति ने अपने परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला किया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जब मोहम्मद आरिफ को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो उसने मोहल्ले के लोगों और पुलिस पर एसिड से भरी बोतलों से हमला किया। इसमें कई लोग घायल हो गए। मोहल्ले वालों का कहना है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस ने बताया, युवक को पकड़ने के बाद पुलिस घर में दाखिल हुई तो खून से लथपथ अनीशा बेगम की डेड बॉडी फर्श पर पड़ी थी। पास में बहन आफरीन और पिता मोहम्मद कादिर लहुलुहान पड़े थे। अस्पताल में आफरीन की मौत हो गई। वारदात की जानकारी मिलते ही आरिफ की बड़ी बहन तबस्सुम घर पहुंची। वहां का मंजर देख वह बेहोश हो गई। पुलिस ने तबस्सुम को किसी तरह से संभाला और अस्पताल भेजा। तबस्सुम करेली के डी ब्लॉक में रहती है। बताया गया है कि आरोपी ने हमले से पहले अपनी पत्नी को बेटे के साथ मायके भेज दिया था। उसके बाद परिवार पर हमला किया। हमले की वजह अभी सामने नहीं आई है। वहीं, पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि एसिड से भरी हुई 250 बोतलें कहां से आई। घटना के दौरान ढाई घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। एसिड की बदबू के चलते पुलिस को रेस्क्यू में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस लगातार अनाउंसमेंट कर युवक को बाहर आने को कहती रही, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। वह लगातार पुलिस और भीड़ पर हमला करता रहा। पुलिस जब घर के अंदर पहुंची तो बदबू इतनी थी कि कुछ ही देर में सभी पुलिसकर्मी बाहर आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी का छिड़काव किया। इसके बाद पुलिस घर के अंदर जा सकी।

## खबर संक्षेप

### दो भाईयों की मौत का सूचना पर घर में मचा कोहराम

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जीतपुर दयाल के रमाशंकर साहू मुन्ना साहू पुत्र तुलसी राम पंजाब के पटियाला शहर में रहकर फल और सब्जी की दुकान चलाते थे की गांव वालों ने बताया कि मंगलवार की रात्रि को दुकान बन्द कर अपने साथीयों के साथ घर में खाना खा रहे थे कि अचानक घर का छत भर-भरा कर गिर गया और उसमें रमाशंकर साहू मुन्ना साहू चिरौंजी लाल गंगा राम व सन्तोष साहू दब गए शोर होने पर आसपास के लोगों उनको निकाल कर अस्पताल ले गए जहां रमाशंकर और मुंना साहू पुत्र तुलसी राम की मौत हो गई।



## लाहाबाद विवि परिसर में जाने से रोकने पर धरने पर बैठे पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर, पुलिस से नोकझोंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैंपस में जाने से रोक दिया। इसको लेकर अमिताभ ठाकुर की और पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस और विवि प्रशासन के रवैये से नाराज होकर पूर्व आईपीएस विश्वविद्यालय के गेट पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में बड़ी संख्या छात्रनेता अपने समर्थकों के साथ भी बैठ गए। अमिताभ ठाकुर गत दिन मृत छात्र आशुतोष द्विवेदी के पिता से भी मिले।पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर विवि में धरना दे रहे छात्रों से मिलने के लिए पहुंचे थे। उनके आने की भनक लगते ही विश्वविद्यालय के गेट पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। अमिताभ को कैंपस में जाने से रोक दिया गया। इसको लेकर उनकी पुलिस अधिकारियों और इलाहाबाद विवि प्रशासन से तीखी नोकझोंक हो गई। अमिताभ ठाकुर छात्रों से दो मिनट बातचीत का आग्रह कर रहे थे लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई। नाराज होकर वह धरने पर बैठ गए। इस दौरान विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

## प्रधानों के मीटिंग में लाइट और पंखा न चलने के कारण जमकर बवाल

**अखंड भारत संदेश**

### प्रधानों ने सौतेला व्यवहार करने का बीडीओ व एडीओ के ऊपर लगाए आरोप



**सोरांव।** बुधवार को सोरांव ब्लॉक में प्रधान संघ अध्यक्ष लल्लन पासी के नेतृत्व में प्रधानों की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी पूर्व सूचना प्रधान संघ अध्यक्ष ने ब्लॉक संबंधित अधिकारियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अवगत करा दिया था। लेकिन जब दोपहर 2 बजे प्रधान संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम प्रधान मीटिंग में पहुंचे तो मीटिंग हॉल बंद था। तथा वहां पर न तो लाइट और पंखे की व्यवस्था थी। तथा पेयजल की भी व्यवस्था नहीं थी। जिसको देखकर प्रधान संघ अध्यक्ष संग प्रधानों ने नाराजगी व्यक्त की। तथा नारेबाजी करते हुए सभी प्रधान मीटिंग हाल से बाहर आ गए। तथा ब्लॉक परिसर में जमीन पर बैठकर विरोध प्रकट करने लगे। हालांकि जब प्रधान संघ बाहर आए और जमीन पर बैठकर विरोध कर रहे थे तब ब्लॉक में मौजूद जंगलेटर को चलाया गया। यदि यही जंगलेटर पहले चला दिया गया होता तो अधिकारियों को प्रधानों का विरोध न झेलना पड़ता। आरोप है कि प्रधानों के साथ इस तरह के सौतेला व्यवहार से सभी प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति बाहर सराय राम गणेश मौर्य, प्रधान करौदी प्रधान शिवगढ़ संजय यादव, प्रधान उदयचंदपुर प्रधान शाहवपुर रविराज सोनकर,प्रधान सिद्धार्थ यादव, प्रधान प्रेम सत्यार्थी सहित 48 ग्राम पंचायत के प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### संविलियन विद्यालय मुबारकपुर में खंड शिक्षा अधिकारी ने किया वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** हमें अपने जीवन और वातावरण को बचाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाने होंगे, और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा। वृक्षारोपण करने से हमारा वातावरण शुद्ध होता है, जिससे हमें शुद्ध प्राणवायु मिलेगी। वृक्षारोपण करने से पर्यावरण में पेड़ पौधों की मात्रा बढ़ेगी, जिससे हमारा पर्यावरण साफ होगा। इसलिए वृक्षारोपण का महत्व समझना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए।उपरोक्त बातें खंड शिक्षा अधिकारी फूलपुर विश्वनाथ प्रजापति द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत संविलियन विद्यालय मुबारकपुर, फूलपुर में वृक्षारोपण करते हुए कहा गया। वृक्षों के महत्व को बताते हुए मुबारकपुर के समस्त शिक्षक एवं बच्चों को समझाते हुए सम्बोधित किए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नीरज सिंह ने हमारा विद्यालय, हरा-भरा विद्यालय का संकल्प लेते हुए समस्त स्टाफ के साथ इस आशय की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अवधेश त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, मन्जू, संगीता, रश्मि शर्मा एवं आशा देवी के साथ साथ परिचारिका अफसाना ने भी वृक्षारोपण किया एवं संकल्प दोहराया गया।

### युवा कल्याण विभाग द्वारा भूजल संरक्षण सप्ताह मनाया गया



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में युवा कल्याण विभाग द्वारा भूजल संरक्षण सप्ताह मनाया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जसरा देवांशिका सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों को एक एक बूंद पानी बचाने की संकल्प दिलाई विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० योगेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्षा जल संचयन के लिए विद्यालय के सभी बच्चों के हाथ ही शिक्षकों को अपने पास पड़ोस में रहने वाले लोगों को जागरूक करना पड़ेगा प्रधानाचार्य ने कहा कि जल ही जीवन है। इस मूल मंत्र के साथ ही जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना होगा बताया कि जल श्रोतों के आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान देना होगो इस अवसर पर प्रयाग सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्र, विधायक प्रतिनिधि आलोक पाठक ,रामजी त्रिपाठी, कुलभूषण मिश्र, रावेन्द्र तिवारी,अजीत मालवीय, सतीश तिवारी, अमन मिश्र, चंद्रशेखर, राम-लखन प्रजापति, विकास केसरी सहित सैकड़ों बच्चे मौजूद रहे।

### जल जीवन मिशन को लेकर दिया प्रशिक्षण



**जारी।** प्रदेश सरकार की हर घर जल योजना के तहत जल जीवन मिशन अभियान चल रहा है। उसी को लेकर विकासखंड कौंधियारा में दिन बुधवार को जल जीवन मिशन के तहत शिवचंद्र के द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें वार्ड मेंबर प्रधान बीडीसी, रोजगार सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम पंचायत में जल समिति एवं पानी की बचत एवं गांव में टंकी का कार्य कर रही प्ले एलएनटी के प्रति जागरूक देखरेख के विषय पर भी जानकारी दी गई । वहां उपस्थित सभी सदस्यों को बैग, पेन, डायरी, बुक, देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। आयोजक मेरा पथ एजुकेशन लिमिटेड नोएडा उत्तर प्रदेश के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ।आयोजक शिवचंद्र और राजेश, दिनेश रहे। एटीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन प्रयागराज मुख्य अतिथि के रूप में कौंधियारा ब्लाकप्रमुख इंद्र नाथ मिश्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार मिश्र,प्रधान गण सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सागर हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न



**करछना।** करछना के भीरपुर बाजार में जेपी फामेर्सी की ओर से संचालित और नवनिर्मित सागर हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन बुधवार को हुआ। जिसमें लोगों की भीड़ रही। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मधुमेह एवं श्वास रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉ राघवेंद्र शर्मा ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया । वहीं हॉस्पिटल के खुल जाने से स्थानीय लोगों में प्रसन्नता रही। उद्घाटन समारोह के संयोजक जेपी फामेर्सी पूनम सिंह दुर्गेश कुमार पांडेय प्रदीप कुमार शुक्ला श्याम जी कुशवाहा श्वेता केमिस्ट रहे । अस्पताल के संचालक डॉ एस पी मिश्रा व आशीष मिश्रा सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर भाजपा यमुनापार के जिला महामंत्री राजेश शुक्ला भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु शुक्ला जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव रजनीकांत कुशवाहा डॉ आनंद यादव डॉ अर्जुन सिंह प्रदीप पांडेय डॉ योगेंद्र सिंह डॉ संजय त्रिपाठी राजेश पांडेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## चाचा को मौत के घाट उतारने वाला अभियुक्त धराया, आलाकत्ल किया गया बरामद



**मेजा।** बुधवार को मेजा पुलिस ने वांछित एक महिला समेत चार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र के परुवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मेजा रोड उ0नि0 रामभवन वर्मा, हे0का0 संजय यादव,का0 सुधीर, का0 विपिन कुमार और म0का0 गोल्डी सिंह द्वारा स्थानीय थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0- 331/23 धारा-304/504/506 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त आफताब आलम पुत्र इम्तियाज अली, इम्तियाज अली पुत्र मोहर्रम अली, इसराइल पुत्र इम्तियाज अली और नाजमीन पत्नी आफताब आलम नि0गण ग्राम लोटाढ़ थाना मेजा प्रयागराज को लखनपुर नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे की कील लगा 01 मोटा डण्डा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।गौरतलब है कि मंगलवार को मेजा थाना क्षेत्र के लोटाढ गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने पुरानी रंजिश को तूल पकड़ा और मारपीट में तब्दील हो गया। देखते ही देखते भतीजे ने अपने चाचा पर लोहे की कील लगे हुए मोटे डंडे से पीट पीट कर घायल कर दिया,जिसे अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। परिजनों द्वारा केस दर्ज करने पर मेजा पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## क्षमा शंकर बने खण्ड शिक्षाधिकारी कौड़िहार



**प्रयागराज।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार में ओमप्रकाश मिश्र के स्थानांतरण के पश्चात नए खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पाण्डेय ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अध्यापक प्रतिनिधियों व बीआरसी स्टाफ से बात करते हुए कहा कि विकास खण्ड कौड़िहार समय से निपुण लक्ष्य हासिल करेगा एवं इस हेतु उचित रणनीतियों के अन्तर्गत कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व वे विकास खण्ड बड़गांव वाराणसी में कार्यरत थे।उनके स्वागत कार्यक्रम में एआरपी जयसिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्र, अजमल अमीन अंसारी, अवनीश सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि राधेकृष्ण, राजेश शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, बालेंद्र पाण्डेय , रामलाल प्रजापति, विनीत यादव, बलवीर सिंह, उदय नारायण मिश्र, शैलेंद्र सिंह, ओम प्रकाश के साथ बीआरसी स्टाफ में संतोष कुमार, निर्मला सिंह, विनय त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय , राम आशीष पांडेय, अब्दुल शाद, अनुराग, राजेश पटेल सहित प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज से अविनाश कुमार व अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। कार्यभार ग्रहण के उपरांत सभी अध्यापकों एवं स्टाफ के साथ प्राथमिक विद्यालय नवाबगंज की बच्चों ने बीआरसी पर प्रोजेक्टर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री का डीबीटी प्रसारण संबंधी कार्यक्रम भी देखा।

## चांद मोहम्मद चंदू बने पसमांदा मुस्लिम संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष



**मेजा रोड।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में एक बार केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने के लिए राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम संघ पूरी तरह से ताकत झोंक दी है। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री हाजी हाफिज मोहम्मद जावेद साहब हज कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन पर चांद मोहम्मद उर्फ चंदू को प्रयागराज जिले का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नरेंद्र मोदी को जिससे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सहयोग करें। चंदू को जिला अध्यक्ष बनाने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

## ग्रामीणों में आक्रोश : 76 साल बाद भी गांव में नहीं बन पाई एक नाली, बीडीओ मुर्दाबाद के लगाए गये नारे

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** कहने को तो देश को आजाद हुए 76 वर्ष बीत गए लेकिन इतने साल बाद भी सोरांव तहसील के ग्राम सभा चकनूरुद्दीनपुर उर्फ निगदिलपुर श्रीपत गंज बाजार के पास दलित बस्ती में अभी तक एक भी नाली का निर्माण नहीं हो पाया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बारिश के मौसम में जहां पर लोग गीले स्थान से हटकर सूखे स्थान में गुजारा करना चाहते हैं वही सोरांव तहसील के ग्राम सभा चकनूरुद्दीनपुर उर्फ निगदिलपुर विकासखंड बहरिया अंतर्गत उक्त गांव में बारिश के पानी के निकलने के लिए कोई नाली नहीं बनाई गई है। इतना ही नहीं ग्राम सभा में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय भी है जिसमें सैकड़ों बच्चों का पंजीकरण भी हुआ है। नाली की व्यवस्था ना होने के कारण खडंजो पर जल भराव रहता है। ग्रामीण व स्कूल के बच्चे भी उसी दूषित पानी से होकर गुजरने के लिए बाध्य हैं। जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को नाली बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कुछ लोगों के राजनैतिक दबाव के कारण नाली नहीं बन पा रही है। जबकि उस बस्ती में लगभग हजारों लोग निवास करते हैं। यहां तक की बीते एक पखवाड़े पहले भारी बरसात होने के कारण लोगों के घरों में पानी चला गया था। और घर में रखी हुई खाद्य सामग्री भी गीली हो गई। इसकी जानकारी अनुसा बानो, अमृतलाल, पंकज गौतम एडवोकेट), संजय कुमार, फूलचंद्र, धर्मेंद्र, आरती, रेशमा, बच्चे लाल, जावेद, गेंदालाल, मुस्कान सहित दर्जनों लोगों ने शिकायती पत्र के माध्यम से खंड विकास अधिकारी बहरिया, मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज को पत्राचार करके नाली बनवाने की विभाग से मांग किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि एक माह के अंदर नाली का निर्माण नहीं कराया गया तो लोग धरना देने के लिए बाध्य होंगे।

## प्रयागराज में मनाया जाएगा वायु सेना दिवस, परेड मैदान में होगा एयर शो

**प्रयागराज।** वायु सेना दिवस आठ अक्तूबर को इस बार प्रयागराज में मनाया जाएगा। परेड मैदान में एयर शो होगा और बमरौली परिसर में आयोजित परेड में वायु सेना के जवान ताकत दिखाएंगे। मंगलवार को वायु सेना एवं जिला प्रशासन की बैठक में आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई।वायु सेना दिवस पर आठ अक्तूबर को वृहद स्तर पर आयोजन होते हैं। इस मौके पर आमतौर पर दिल्ली मुख्यालय में परेड और फ्लाई पास्ट का आयोजन होता रहा है। पूर्व में पालम फिर हिंडम एयरपोर्ट पर आयोजन हुआ है, लेकिन पिछले वर्ष चंडीगढ़ में आयोजन हुआ था। इसी क्रम में इस बार प्रयागराज में आयोजन की घोषणा की गई है। इस तरह से यह दूसरा मौका है जब दिल्ली से बाहर वायु सेना दिवस का आयोजन होगा।इसी क्रम में मंगलवार को आयोजन एवं तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में सेना के अफसरों के अलावा डीएम संजय कुमार खत्री भी मौजूद रहे। अफसरों के अनुसार परेड मैदान पर एयर शो का आयोजन होगा। इसमें वायु सेना के लड़ाकू विमानों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा बमरौली परिसर में परेड होगी। सेना के पीआरओ समीर गंगाखड़ेकर ने बताया कि इस बार प्रयागराज में वायु सेना दिवस के आयोजन की तैयारी है। आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर होगा। बैठक में इसकी तैयारी पर चर्चा हुई।

## मुफ्त स्वास्थ्य एवं शिक्षा की जिम्मेदारी उठा रही सरकार : ब्लाक प्रमुख

**अखंड भारत संदेश**



**सैदाबाद।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी श्री अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना डीबीटी के शुभारंभ के उपलक्ष में लखनऊ में हो रहे उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण को देखने का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह ब्लाक प्रमुख सैदाबाद रहे ।विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्रों एवं उनके अभिभावकों की मौजूदगी में लखनऊ से बेसिक शिक्षा के 1 से 8 तक पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों के खाते मे सीधे धनराशि अंतरित की गई। जिसका सीधा प्रसारण सभी ने देखा। प्रसारण के पश्चात ब्लाक प्रमुख सैदाबाद ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा का निशुल्क सुविधा बहुत ही पारदर्शी तरीके से दी जा रही है। इसलिए सभी लोग अपने बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में कराएं ।खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद द्वारा अभिभावकों को बताया गया कि ?1200 में बच्चों को ड्रेस, जूता मोजा, बैग एवं स्टेशनरी खरीदी जाएगी। कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश तिवारी, राकेश मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी वक्ता बहुत ही रोचक ढंग से डीवीटी एवं प्राथमिक शिक्षा की ऊंचाइयों पर पहुंचने का वर्णन किया। उत्तर प्रदेश सरकार की 2017 से आज तक में बेसिक शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है और आज अभिभावक अपने बच्चों को प्राथमिक विद्यालयों में भेजने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में बेसिक शिक्षा भ्रष्टाचार से मुक्त हो रहा है। योग्य शिक्षकों के शिक्षण से गुणवत्ता में वृद्धि हुई है ।सभी अभिभावकों को अंत में स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी कन्हैयालाल द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में एआरपी शशिकांत पांडे ,श्याम किशोर सिंह, देवराज सिंह ,लक्ष्मी शंकर यादव ,राम जी संतोषी, सुरेश कांत पांडे, प्रदीप पांडे, शिवपूजन यादव, सूबेदार सिंह, धर्मराज सिंह ,अखिलेश मिश्रा ,विजय भान ,रंजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# 28 करोड़ 35 लाख 11 हजार की लागत से बनेगी सड़क व बाईपास

### सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से स्वीकृत हुआ धन

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से जल्द ही कुंडा बाईपास से करेंटी गंगा पुल तक सात मीटर चैड़ी सड़क बनने जा रही है।

यही नहीं करेंटी गांव में बाईपास बनाया जायेगा। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने मंगलवार को बताया कि पुल बनने के बाद स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद विनोद सोनकर ने प्रदेश सरकार को बाईपास के साथ कुंडा से सड़क को चैड़ीकरण करने का प्रस्ताव दिया। सांसद के प्रस्ताव पर लोकनिर्माण विभाग ने अधिकारियों से स्टीमेट मांग कर बीते 8 जुलाई को स्वीकृत देते हुए 2835.11 की लागत से सड़क एवं बाईपास बनेगा। प्रदेश सरकार ने सात करोड़ आठ लाख अठहत्तर हजार रूपए की टोकन धनराशि जारी कर दी। कुंडा बाईपास से करेंटी गंगा पुल तक की सड़क की कुल लंबाई 9.710 किलोमीटर है। करेंटी गांव का बाईपास 1.8 किलोमीटर का बनाया जायेगा। सड़क को सात मीटर चैड़ी किया जायेगा। बता दे कि सांसद विनोद सोनकर की मांग पर प्रदेश सरकार ने करेंटी एवं शहजादपुर के बीच गंगा पुल का निर्माण किया गया। पुल बन जाने के बाद रास्ता सकरा होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जनसमस्याओं को देखते हुए सांसद विनोद सोनकर ने कुंडा बाईपास से करेंटी पुल तक सात मीटर चैड़ी सड़क बनाने के साथ करेंटी गांव में बाईपास बनाने का प्रस्ताव दिया। सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से सरकार ने स्वीकृत देते हुए टोकन धनराशि जारी किया।


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सांसद विनोद सोनकर।

## राजा दिनेश सिंह के जन्म दिवस पर हुई विचार गोष्ठी

**परियावां, प्रतापगढ़।** मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर मे राजा दिनेश सिंह की जन्म दिवस पर महाविद्यालय परिसर मे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे कालेज प्रबंधिका एव पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने स्व0 राजा दिनेश सिंह के प्रेरणास्पद संस्कारो से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कालेज के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने राजा दिनेश सिंह शव व्यक्तित्व तथा उनके देशहित मे किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी मे स्व0 राजा दिनेश सिंह के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया और कालेज परिसर मे राजकुमारी रत्ना सिंह ने वृक्षारोपण लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कालेज के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

## अतिक्रमण को लेकर एसडीएम से शिकायत, जांच के आदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पशु चिकित्सालय व ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम से पीड़ित ने शिकायत दर्ज करायी है। उदयपुर के कुम्भीआइमा निवासी गयादीन के पुत्र दयाराम गुप्ता ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव में कतिपय भूमाफिया गांव के ऊसर खाता तथा पशु चिकित्सालय के लिए सुरक्षित जमीन पर अवैध पक्का निर्माण कर रहे हैं। शिकायत पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने कार्य रूकवा दिया था। आरोप है कि कतिपय अतिक्रमणी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के लिए इधर फिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से जांच कराकर अवैध निर्माण रोकवाने की मांग उठाई है। एसडीएम लालधर सिंह यादव ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

# छात्राओं ने निकाली वृक्षारोपण के लिये जागरुकता रैली

### साकेत गर्ल्स पीजी कालेज परिसर से डीएफओ ने दिखाई हरी झण्डी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज के परिसर से जे.पी. श्रीवास्तव जिला वनराजि अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर वृक्षारोपण के लिए जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में बड़ी संख्या में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली गायघाट रोड़ से होते हुए शहीद उद्यान के सामने से अम्बेडकर चैराहे पर एक सभा के रूप में समाप्त हुई, जिसमें मो0 मुअज्जम उप प्रभागीय वनाधिकारी के द्वारा छात्राओं को इस संकल्प के साथ पौध दिए गए कि छात्राएं इसे अपने घरों के आस-पास रोपित कर संरक्षित करें।

रैली के अन्त में छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर हरे-भरे स्वस्थ प्रतापगढ़ बनाने के लिए जनमानस को जागृत किया। वृक्ष धरा के भूषण हैं आदि नारों के उद्घोष से सम्पूर्ण वातावरण गुंजयमान हो उठा। इस अवसर पर एलांयस क्लब इण्टरनेशनल के डॉयरेक्टर एवं समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य एवं महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने छात्राओं को पौध देकर वृक्षारोपण को जीवन शैली का अंग बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सरिता सिंह, अजमत अली एवं राहुल मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र मौर्या क्षेत्रीय वनाधिकारी, आशीष कुमार सिंह डिप्टी रेंजर, विजय प्रताप सिंह वन दरोगा, विनोद एवं राजेश वनरक्षक, डॉ0 अनीता पाण्डेय, प्रभा भारती, ज्योति सिंह, आरती श्रीवास्तव, अनीता त्रिपाठी, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, रईस अहमद, संजय पाण्डेय, विनय सिंह, फिरोज जमील, डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, हरिओम दूबे, अच्युत शुक्ला आदि मौजूद रहे।



जागरुकता रैली में शामिल प्रबंधक व छात्रागण।

# साहिल वकाश का नवोदय में हुआ चयन, हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के मझवारा ग्रामसभा स्थित मदरसा हनीफुल उलूम के छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर मेधावी छात्र को सम्मानित किया गया। मदरसे में पढ़ाई कर रहे कक्षा पांच के छात्र साहिल वकाश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा पास कर मदरसे का नाम रोशन किया।मेधावी छात्र के परिजनों ने सफलता का श्रेय मदरसे के शिक्षकों को दिया। समारोह में ग्राम प्रधान जुल्फिकार अहमद ने मेधावी छात्र को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित करते हुए कहा कि यह छात्र की कड़ी मेहनत और मदरसे के शिक्षकों की कर्तव्य परायणता का परिणाम है। मदरसे के प्रिंसिपल मोहम्मद मुस्लिम ने छात्र की लगन और शिक्षकों की गुणवत्ता परक पढ़ाई का नमूना है। उन्होंने मदरसे के शिक्षकों को और मेहनत और लगन से पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मदरसे के प्रबंधक मेराज अहमद खान, डा हाजरा, रईस अहमद, मो जलाल, फिरोज अहमद, सदमा बानो, खुशनाज बानो, उम्मेसाबिया समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## गैस सिलेंडर चोरी के मामले में कार्यवाही की मांग

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खाली सिलेंडर गायब होने के मामले में पुलिस से पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर अठगंवा के रहने वाले विपिन कुमार मिश्रा मां बाराही देवी धाम नाम से जलालपुर किठौली में गैस एजेंसी खोल रखी है, उनके अनुसार बीते 22 जून को 30 खाली सिलेंडर गोदाम से चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने इसके संबंध में खोजबीन किया तो उसे 16 सिलेंडर कुछ दूर स्थित एक आंवले के बाग में मिला लेकिन 14 सिलेंडर का कुछ भी पता नहीं चला पीड़ित एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद तहरीर देकर गैस सिलेंडर चोरी के मामले में तहरीर दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अब शहर के लोगों को क्लोरीनयुक्त पेयजल की आपूर्ति

### शहर के सभी 11 ट्यूबवेलों में लगा क्लोरीनयुक्त डोजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका नगर क्षेत्र में होने वाली जलापूर्ति में क्लोरीनयुक्त पानी की आपूर्ति शुरू कर दिया है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शहर के सभी 11 ट्यूबवेलों में क्लोरीनयुक्त डोजर लगाये गये हैं। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी प्रकाष चंद्र श्रीवास्तव के निर्देष पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिषाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने वर्षा ऋतु में संचारी रोगों से बचाव के लिये क्लोरीनयुक्त पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके अलावा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में शहर में सगरा, पूरे ईष्वरनाथ, दहिलामऊ उत्तरी, दक्षिणी में एंटी लार्वा का छिड़काव नाले-नालियों में कराया गया। महुली तथा चिलबिला वार्ड में फागिंग भी बुधवार को कराई गई। इस प्रकार नगर पालिका संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपने संसाधनों के साथ कार्य करने में जुटी है।


ट्यूबवेल में लगी क्लोरीनयुक्त डोजर मशीन।

## हर रोज एक हजार फलदार पौधों का कम्पनी गार्डेन से हो रहा वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका वृहद वृक्षारोपण के तहत हर रोज एक हजार फलदार वृक्षों के पौधे कम्पनी गार्डेन से निःषुल्क वितरित कर रही है। अधिषाषी अधिकार राम अचल कुरील ने बताया कि जिला उद्यान विभाग द्वारा फलदार पौधे उपलब्ध कराये गये हैं, जिन्हें आम जनता को अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्ष लगाने के लिये इनका वितरण किया जा रहा है।

## तेजी से फैल रही आंखों की गुलाबी बीमारी कंजक्टिवाइटिस

**अखंड भारत संदेश**

### राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में ओपीडी में बढ़ रहे बीमारी के मरीज

**प्रतापगढ़।** आंखों की पीड़ा देने वाली बीमारी नेत्रश्लेष्मलाशोथ (कंजक्टिवाइटिस) लोगों में तेजी से फैल रही है। संक्रमण के कारण तेजी से फैलने वाली इस बीमारी से ग्रस्त मरीजों की संख्या का राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में तेजी से इजाफा हो रहा है। हर चैथा मरीज इस बीमारी से परेशान है। मौसम बदलने का कारण भी इस बीमारी का संक्रमण शुरू होता है। जो तेजी से एक दूसरे को अपनी चपेट में ले लेता है। इसको आंख आना भी कहते हैं। इस बीमारी में आंख गुलाबी हो जाती है। जो कि एक प्रकार की सूजन होती है। डाक्टर इसके संक्रमण का कारण बैक्टीरिया,वायरस और कवक बताते हैं। इस बीमारी में सूजन आंख के सफेद हिस्से को ढक लेती है। जो बाद में गुलाबी लाल हो जाता है। बीमारी के लक्षण में आंखों में खुजली होना। गड़ना, बार बार पानी आना, सूजन,आंख का सफेद हिस्सा गुलाबी होना। परिवार के बाकी सदस्यों को बीमारी होना। इस बीमारी के मुख्य लक्षण है।

### कैसे करें आंखों का बचाव....

**प्रतापगढ़।** यह बीमारी एक दूसरे से संपर्क में आने छुआछूत से फैलती है। पीड़ित व्यक्ति का रूमाल, कपड़ा और बिस्तर इत्यादि बाकी से अलग रहना चाहिए। बार बार हाथ धोना चाहिए। आंखों को बार बार न छुएं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। बर्फ से आंखों की सिकाई करनी चाहिए।

### क्या कहते हैं डाक्टर....

**प्रतापगढ़।** इस बारे में मेडिकल कालेज के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डाक्टर विवेक त्रिपाठी कहते हैं कि कंजक्टिवाइटिस आंखों की बीमारी इस समय फैली हुई है। यह एक तरफ से छुआछूत वाली बीमारी है। बेहतरी के लिए इसमें मरीज के इस्तेमाल होनी वाली चीजों को घर के बाकी सदस्यों से अलग कर देनी चाहिए। बर्फ से सिकाई करनी चाहिए। बिना देर किए नेत्र के डाक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

## कुएं में समाया छात्र, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कुएं के पास अचानक पैर फिसल जाने से छात्र गहरे पानी में समा गया। छात्र की मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। लालगंज नगर के सांगीपुर वार्ड निवासी फूलचंद्र पाल का पुत्र आशीष पाल 23 स्नातक छात्र था। बुधवार की सुबह करीब आठ बजे वह घर के समीप कुएं के पास गया तो अचानक उसका पैर फिसल गया। छात्र कुंए के गहरे पानी में समा गया। आशीष के कुएं मे गिरने की जानकारी परिजनों को हुई तो वह बदहवाश हो उठे। परिजनों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह से छात्र को कुएं से बाहर निकाला। परिजन उसे लेकर ट्रामा सेण्टर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाईयों मे छोटा था। उसकी दो बहनें अंजली व अनुष्का का भी भाई की मौत पर रो रो कर बुराहाल दिखा। घटना की सूचना पाकर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दोपहर बाद मृतक छात्र का शव घर पहुंचा तो कोहराम फिर मच गया। दरोगा अनीस यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों की तहरीर मिलने पर केस दर्ज भी किया जाएगा।

## दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। लालगंज नगर के नेताजीपुरम वार्ड निवासी मारूति नंदन त्रिपाठी का पुत्र शुभम 22 मंगलवार की शाम बाइक से जलेसरगंज जा रहा था। लालगंज धारूपुर हाइवे पर सरदार का पुरवा के समीप तेज गति से आ रही बाइक ने अचानक टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक चुटहिल हो गया। मौके पर लालगंज पुलिस पहुंची और युवक को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। चिकित्सकों ने घायल युवक की गंभीर दशा देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुधवार को दूसरे दिन भी जिला अस्पताल में युवक का इलाज जारी बताया गया है।

# मारपीट को लेकर डाक्टर और वकील गुट आमने-सामने

### मेडिकल कालेज में छात्रों ने दिया धरना, बोले बंद करेंगे ओपीडी, एसपी दफ़्तर पर धरना दे रहे वकीलों ने गिरफ्तारी की मांग की



मेडिकल कालेज में धरना देते एमबीबीएस के छात्रगण।


एसपी दफ्तर पर प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में वकीलों और डाक्टरों के बीच हुई मारपीट की घटना ने तेजी से तूल पकड़ लिया है। बुधवार को एमबीबीएस के छात्रों ने कार्य बहिष्कार कर मेडिकल कालेज में धरना प्रदर्शन कर दो डाक्टरों और अज्ञात साथियों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने और डाक्टरों की तरफ से आरोपी लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

छात्रों ने कहा है कि न्याय न मिलने पर वो जिला और महिला अस्पताल की ओपीडी भी बंद कराएंगे। इसके लिए उन्होंने अस्पताल के डाक्टरों से समर्थन मांगा है। छात्रों के समर्थन में डाक्टर भी उतर पड़े हैं। वही दूसरे गुट के अधिवक्ताओं ने भी पीड़ित संग एसपी दफ़्तर के सामने धरना प्रदर्शन किया और आरोपी डाक्टरों और छात्रों की गिरफ्तारी की मांग की। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। बता दें कि मंगलवार को पूर्वाह्न राजा प्रताप अस्पताल में डाक्टर, छात्रों और वकीलों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें अधिवक्ता नीरज की सोने की जंजीर छीन ली गई थी। जिसमें अधिवक्ता शशिकांत की तरफ से डाक्टर सचिन और लक्ष्मीकांत के साथ साथ दर्जन भर मेडिकल छात्रों के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई थी। मेडिकल कालेज में धरना दे रहे छात्रों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन उनकी एफआईआर दर्ज नहीं कर रहा। जबकि हमला करने वालों की एफआईआर घंटे भर में दर्ज कर ली गई। उन्होंने ओपीडी बंद करने का ऐलान कर दिया है। प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि बिना किसी जांच पड़ताल के ही पुलिस ने फर्जी एफआईआर दर्ज की है। उसकी जांच होनी चाहिए। डाक्टरों की एफआईआर दर्ज नहीं हो रही है।

## मेडिकल कॉलेज में हैं तीन सचिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मेडिकल कॉलेज में तीन सचिन हैं। जिसमें से दो डाक्टर है। जबकि एक छात्र है। इसमें से किस सचिन से मारपीट हुई है। पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है। हड्डी के डाक्टर सचिन घटना स्थल पर नहीं थे। वे उस समय डीएम कैंप कार्यालय में थे। यह बात उन्होंने मीडिया और अधिकारियों को बता दी है। डाक्टर लक्ष्मीकांत भी अपना बचाव कर रहे है। फिर उस समय कौन डाक्टर था जिसने अधिवक्ताओ को बंद करके पीटा। इसकी गहनता से पड़ताल होनी चाहिए। मजे की बात यह है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में तनिक भी देरी नहीं लगाई। वकीलों का कहना है कि गिरफ्तारी नहीं होने पर वे आंदोलन करेंगे। उधर मामले की नजाकत को देखते हुए बुधवार को राजा प्रताप अस्पताल में चप्पे पर फोर्स तैनात की गई थी। ओपीडी छावनी में तब्दील नजर आई। भीड़भाड़ भी कम थी। डाक्टर और स्टाफ भी डरे हुए थे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में लगा किसान मेला, डीएम व सीडीओ ने की शिरकत

### किसान मेला व प्रदर्शनी में 400 किसानों ने की सहभागिता

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** स्वर्गीय राजा दिनेश सिंह के जन्म दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू तथा कृषि विभाग प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में खरीफ गोष्ठी, किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव बतौर मुख्य अतिथि, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, केन्द्र की अध्यक्षा राजकुमारी रत्ना सिंह, उपकृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, जिला उद्यान अधिकारी, जिला मत्स्य अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल सहित लगभग 400 किसानों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर किसान तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक यतेन्द्र कुमार ने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण तथा होने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही जैविक खेती की सम्पूर्ण जानकारी के साथ पशु पालन पर जोर दिया। प्रगतिशील किसानों में अजय कुमार सिंह ने मौन पालन पर रोशन लाल मौर्य कृषि विविधीकरण पर अपने-अपने अनुभवों को मंच पर साझा किया। इससे पूर्व किसान मेले का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ने स्व0 राजा दिनेश सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया तथा अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र ऐसी संस्था हैं जो जनपद के किसानों के लिए प्रशिक्षण से लेकर विभिन्न कृषि उत्पादन प्रणालियों के अंतर्गत नई तकनीक, बीज एवं रोपण सामग्री, किसानों के खेत पर परीक्षण का कार्य कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया और कहा कि जब महिलाए घर चला सकती है खेती कर सकती है तो व्यवसाय और उद्यम क्यों नहीं। उपकृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया कि इस गोष्ठी का उद्देश्य खरीफ फसलों से सम्बन्धित नवीनतम तकनीकियों से किसानों को अवगत कराना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, भाष्कर शुक्ला, स्वाती दीपक दुबे, डा0 अवधेश कुमार सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, डा0 रणजीत सिंह, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, रामचन्द्र, जुगुल किशोर तिवारी, जी0आर0 पटेल, रविशंकर, अरूण शुक्ला आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।


किसान मेला का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव

## नालियों पर अतिक्रमण, वार्ड के लोगों की बढ़ी परेशानी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत नालों की सफाई को लेकर विशेष अभियान चला रही है। नगर की नालियाँ साफ हो रही हैं। लेकिन वार्ड क्रमांक 4 में नगर प्रशसन की अनदेखी स्पष्ट रूप से हो रही है। वार्ड क्रमांक 4 में काशीराम काली जाने वाले मार्ग की नाली को कबाड़ी ने भर दिया है जहां एक तरफ सरकार लगातार साफ-सफाई को लेकर अभियान चला रही है वही इस तरीके से अतिक्रमण करने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पीएम हाऊस से विवाहिता का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

### पति के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां गड़रियन का पुरवा निवासी गुलाब सोनकर की पुत्री संगीता की शादी वर्ष 2014 मे थाना क्षेत्र के भिटारी गांव निवासी नन्हे सोनकर के पुत्र गोविंद सोनकर के साथ हुई थी। इसी दौरान संगीता गर्भवती हो गयी जिसके डिलेवरी के पति सोमवार को पति गोविन्द् नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाजिदपुर कोटरा मोड़ पर अवैध रूप से खुले एक नर्सिंग मे भर्ती किया।

उपचार के दौरान आराम न मिलने पर संगीता को नर्सिंग होम से कही दूसरी जगह ले चलने की बात अपने पति से कह रही थी लेकिन पति गोविंद संगीता की बात को अनसुनी कर रहा था जहा उपचार के दौरान संगीता की मौत हो गई। मौत की खबर संगीता के मायके वालो को मिलने पर सभी मौके पर पहुंच गये और पति गोविंद व नर्सिंग होम के चिकित्सको पर लापरवाही से संगीता की मौत का आरोप लगाते हुए नवाबगंज पुलिस को घटना की तहरीर दिया पुलिस ने विवाहिता संगीता के शव की लिखा पढ़ी करके पी एम को जिला अस्तपाल भेजा जहा पोस्टमार्टम हॉउस से शव वापस घर आने पर चीख पुकार मच गई परिजनों ने शव को नवाबगंज गंगाघाट किनारे अंतिम संस्कार कर दिया। इस बाबत जानकारी करने पर नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि मृतक के भाई सुजीत कुमार सोनकर की तहरीर पर मृतक विवाहिता के पति गोविंद कुमार सोनकर के खिलाफ इलाज में लापरवाही करने पर हुई मौत के मामले 304 ए के तहत मुकदमा दर्ज किया जिसकी जाँच पड़ताल की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### उधारी का रूपया मांगने पर गाली गलौज

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के शंकर लाल केशरवानी ने चंपहा बाजार मे ईट भट्ठा खोल रखा है उनके ईट भट्ठा से राजीव सिंह पुत्र विहारी लाल निवासी पूरब शरीरा चार हजार ईट कीमत लगभग 25 हजार का ईट उधारी ले गए थे कई बार भट्ठा मालिक ने राजीव सिंह से बकाया रुपए मांगा उधार लेने के बाद उनकी नियत खराब हो गयी और ईट का बकाया रकम भट्ठा मालिक द्वारा तगादा करने पर राजीव सिंह को बेज्जती महसूस होने लगी बार बार मांगने के बाद भी अपनी बकाया रकम तो ईट भट्ठा मालिक को नही मिल सकी बल्कि बदले में दबंग ने गाली गलौज और धमकी की बौछार लगा दिया मामले की शिकायत थाना पुलिस से ईट भट्ठा मालिक ने की लेकिन दबंग का बाल बांका नही हुआ आरोप है कि शिकायत के बावजूद भी थाना पुलिस कार्यवाही नही कर रही है।

### शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** विश्व शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में जिला शतरंज खेल संघ कौशांबी और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर कौशांबी के संयुक्त तत्वाधान में 20 जुलाई को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर कौशांबी में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### 22 जुलाई को सराय अकिल में लगेगा रोजगार मेला

**कौशांबी।** जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने बताया कि 22 जुलाई को सराय अकिल कस्बे के फकीराबाद चौराहे पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जहां बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बताया कि शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए यह सुनहरा मौका है और राजकीय आईटीआई और कौशल बिकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न निजी कंपनियों के द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बताया कि आईटीआई और नान आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण छात्रों के चयन की कार्यवाही सराय अकिल में लगने वाले इस रोजगार मेले में बेरोजगारों के चयन की कार्यवाही की जाएगी।

### रोजगार मेले का आयोजन 21 जुलाई को

**कौशाम्बी।** राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू में दिनांक 21 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू श्री के0के0 राम ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकतें हैं।

# जल जीवन के लिए बहुत ही मूल्यवान रत्न : सीडीओ

## जल की महत्ता एवं जल संचयन/संरक्षण पर डाला गया प्रकाश

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में भू-जल सप्ताह गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा भू-जल सप्ताह की आवश्यकता/महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को जल शपथ दिलाई कि-ह्लमैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूँ। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि मैं जल का समुचित उपयोग करूँगा तथा पानी की हर एक बूंद का संचयन करूँगा और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूंगा। मैं पानी को एक अनमोल सम्पदा मानूँगा और ऐसे मानते हुए ही इसका उपयोग करूँगा। मैं शपथ लेता हँ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करूँगा। यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकतें हैं, और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकतें हैं। उन्होंने रणविजय निषाद द्वारा जल संरक्षण पर लिखित पुस्तक ह्लसमग्र जल-प्रबन्धनह्व का विमोचन भी किया। मुख्य विकास अधिकारी ने गोष्ठी में जल की महत्ता/जल संचयन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल, जीवन के लिए बहुत ही मूल्यवान रत्न है, जल नहीं रहेंगा तो सारे रत्न बेकार हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋृतु में जल संचयन कर गिरते भू-जल स्तर को रिचार्ज कर सकतें है, इसके लिए शासन द्वारा अनेक योजनायें/कार्यक्रम संचालित किये जा रहें है यथा-रेन वाटर हार्वेस्टिंग, अमृत सरोवर का निर्माण एवं खेत-तालाब आदि। उन्होंने कहा कि हम सभी को जल का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए तथा लोगों को जल की महत्ता व संरक्षण के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े, स्वच्छ जल की प्राप्ति सबको हो, इसके लिए जल संचयन एवं प्रबन्धन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गोष्ठी में विनय कुमार पंडा ने जल संचयन तथा संरक्षण पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में वर्षा जल संचयन कैसे करें, जल की समस्या के समाधान के लिए सुझाव, शहरों में कैसे हो भूगर्भ जल का नियोजन, रोजमर्रा के घरेलू कार्यों में जल बचत, किसान किस प्रकार कर सकतें हैं जल की बचत, उद्योगों/ व्यवसायिक क्षेत्रों में जल बचत के टिप्स तथा ग्रामीणों क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन की उपयुक्त तकनीकें-तालाब/ जलाशय का निर्माण/ जीर्णोद्वार, गली/ नाला प्लगिंग, रिचार्ज कूप एवं फालतू जल के रिचार्ज पिट पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही भूगर्भ जल रिचार्ज के लाभ के विषय में भी जानकारी दी गई अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई संजय जायसवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जा रहा है।

# जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की डीएम ने की बैठक



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में गौशालाओं के सम्बन्ध में जिला स्तरीय अनुश्रवण, मुल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की गयी डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से गौशालाओं के लिए चिन्हित चारागाह भूमि पर चारे की बुआई की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि चारागाहों के सम्बन्ध में विवाद/ अतिक्रमण की समस्या को सम्बन्धित एसडीएम से समन्वय कर समस्या का निस्तारण कराकर चारागाह भूमि पर शत-प्रतिशत चारे की बुआई सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं पशु चिकित्साधिकारियों को सभी गौशालाओं में भूसा-चारा एवं चोकर आदि की पर्याप्त व्यवस्था हमेशा सुनिश्चित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण कराया जायेगा, कमी/लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को सभी गौशालाओं में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल-जमाव न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को सभी गौशालाओं में लाइटनिंग कन्डक्टर लगवाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि गिरधरपुर गढी, मलाका एवं गौहानी के सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सचिव, ग्राम पंचायत से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह व सिराथू सौम्य मिश्रा,प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव एवं डी0सी0 मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधारोपण करे सुनिश्चित : डीएम

### गंगा घाट के विस्तार के लिए विस्तृत डीपीआर तैयार करने के निर्देश, डीएम ने की जिला पर्यावरणीय समिति/वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आर0एस0 यादव ने बताया कि शासन के निदेशानुसार 22 जुलाई 2023 एवं 15 अगस्त 2023 को बृहद स्तर पर पौधारोपण किया जाना है। 22 जुलाई को 21 लाख 98 हजार 967 पौधारोपण तथा 15 अगस्त 2023 को 3 लाख 66 हजार 623 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने पौधारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई एवं पौधों के उठान आदि की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पौधों का उठान समय से सुनिश्चित करने तथा लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत पौधारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने पौधारोपण करने के पश्चात अनिवार्य रूप से जियो टैगिंग करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने ई0ओ0 दारानगर कड़ाधाम को गंगा घाट के विस्तार के लिए विस्तृत डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों को पौधारोपण अवश्य करने के निर्देश दिये बैठक में उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह व सिराथू सौम्य मिश्रा एवं डी0सी0 मनरेगा मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपनी को छोड़ दूसरे की पत्नी लेकर भागे उपनिरीक्षक की एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के एक ग्राम की एक महिला पर एक उपनिरीक्षक का दिल आ गया इस उपनिरीक्षक ने अपनी बीवी बच्चे को छोड़ दिया और महिला से रासलीला रचाना उप निरीक्षक ने शुरू कर दिया बीते कई वर्षों से उपनिरीक्षक और एयर फोर्स कर्मी की पत्नी की रासलीला खुलेआम चल रही है महिला का पति एयर फोर्स में नौकरी करता था जिससे वह घर पर कम आ पाता था इसी का नाजायज फायदा उठा उप निरीक्षक ने एयरफोर्स कर्मी की पत्नी को अपने झांसे में फंसा लिया और दोनों खुलेआम रासलीला रचाने लगे मामले की भनक एयर फोर्स कर्मी को भी लग गई जब एयरफोर्स कर्मी ने विरोध किया तो उसकी पत्नी को लेकर उपनिरीक्षक भाग गया और इलाहाबाद में किराए के मकान में दोनों रहने लगे बीते कई वर्षों से दोनों की रासलीला खुलेआम चल रही है बताया जाता है कि इस बीच एक बच्चे का जन्म हुआ है दूसरे की पत्नी से रासलीला रचाने वाला उपनिरीक्षक पूर्व में कौशांबी में तैनात रह चुका है और कौशांबी में तैनाती के दौरान ही दूसरे की पत्नी को लेकर यह उपनिरीक्षक भाग गया है इतना ही नहीं दूसरे की पत्नी को लेकर भागने वाले इस उपनिरीक्षक ने अपनी पत्नी और बच्चों को भी छोड़ दिया है जिससे उपनिरीक्षक की पत्नी और बच्चे भी दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है। पूर्व में चायल तहसील में ड्यूटी कर चुकी एसडीएम ज्योति मौर्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा कि एक उपनिरीक्षक की रासलीला का मामला चर्चा में आ गया है उपनिरीक्षक के कारनामे पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत हुई है शिकायतकर्ता ने अपनी तहरीर में बताया है कि बीते कई वर्षों से उसकी पत्नी के साथ उपनिरीक्षक के अवैध संबंध है और जब एयर फोर्स कर्मी ने विरोध करना शुरू कर दिया तो उन पर प्राणघातक हमला भी कराए गए। मामले की शिकायत एयर फोर्स कर्मी ने एसपी से की है।

### नाप करने के बाद लेखपाल के जाते ही दबंगों ने शुरू की गाली गलौज

**तिल्हापुर कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर लोधौर गांव निवासी गुजरी देवी पत्नी राम नारायण सिंह की जमीन की नाप करने 18 जुलाई की सुबह 8 बजे गांव पहुंचकर लेखपाल ने गुजरी देवी की जमीन की नाप कर मेड बांधने का निर्देश दिया जैसे ही लेखपाल नाप करने के बाद वापस लौटे गांव के दबंग लवकुश सिंह कौशलेंद्र सिंह पंकज सिंह नरेंद्र सिंह मीना देवी आदि मौके पर पहुंचे और महिला को मेड बांधने से मना किया जब महिला ने लेखपाल की नाप करने का हवाला दिया तो उपरोक्त दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मेड बांधने से रोक दिया और धमकी दिया है कि यदि तुमने मेड बांध लिया तो तुम्हें जान से मार देंगे मामले की सूचना महिला ने पिपरी थाना पुलिस को दी है।

### महिला के जमीन निर्माण पर दबंग उत्पन्न कर रहे हैं अवरोध

**चायल कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के आलमपुर तिलगोड़ी निवासी निर्मला देवी पत्नी पत्नी शिवलाल ने नन्हू से लगभग 4 वर्ष पहले जमीन खरीदी थी उस जमीन पर निर्मला देवी मकान का निर्माण कर रही थी लेकिन गांव के दबंग नरेश गाली गलौज करते हुए महिला के निर्माण पर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं महिला ने मामले की शिकायत पुलिस चौकी लोधौर में किया दोनों पक्षों को बुलाने के बाद चौकी पुलिस ने समझौता करा दिया पुलिस के समझौते के बाद महिला 17 जुलाई को फिर मकान का निर्माण करा रही थी मकान निर्माण स्थल पर बिना अधिकार और किसी हक के दबंग नरेश फिर पहुंचे और गाली गलौज कर मारपीट की धमकी देने लगे महिला के निर्माण को दबंगों ने फिर रोक दिया है जिस पर महिला ने मामले की शिकायत क्षेत्राधिकारी चायल में करते हुए दबंगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### मानक विहीन सड़क निर्माण, सोशल मीडिया में वायरल खबर

**कौशांबी।** दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय के सामने नगर पंचायत द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसमे मानक विहीन सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है । सोशल मीडिया में वायरल की माने तो दारानगर कड़ा धाम नगर पंचायत दफ्तर के सामने नगर पंचायत द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसमे ईंट जोड़ाई में सीमेंट की मात्रा का प्रयोग मानक के अनुसार नही हो रहा है साथ ही बिना रोलर चलाए इंटर लॉकिंग का कार्य चालू है , गिट्टी के नाम पर मात्र खानापूर्ति हो रही है वही लोगो का कहना है की अधिशासी अधिकारी के दफ्तर के सामने मानक विहीन सड़क निर्माण में अधिशासी अधिकारी मूक दर्शक बने है।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मकरीबाग कनवार मार्ग पर एक मोटरसाइकिल सवार नील गाय से टकरा कर गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए प्रयागराज भेजा गया है जानकारी के अनुसार इरशाद उम्र 32 वर्ष पुत्र भुग्गा निवासी वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर अझुवा नाई का कार्य करता है आज बुधवार दोपहर बाद वह मोटरसाइकिल से कनवार बाल काटने जा रहा था मकरी बाग नहर रास्ते में जंगली नील गाय से टकराकर इरशाद गंभीर जख्मी हो गया सुनसान रास्ते में घायल घंटो पड़ा रहा कुछ राहगीरों ने घायल देख पहचान कर परिजनों को सूचित किया सूचना पाकर परिजन आनन फानन पहुँचे और निजी वाहन से घायल को प्रयागराज ले गए जहां युवक का उपचार हो रहा है।

# अधिशासी अधिकारी चरवा के अलावा अन्य ईओ को शासन मानता है नकारा !

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** जिले में तमाम नगर पंचायते और नगर पालिका है लेकिन नगर निकाय चरवा अधिशासी अधिकारी को विशेष तवज्जो दे रहा है 50 किलोमीटर दूर नगर पंचायत सिराथू में अधिशासी अधिकारी चरवा संबद्ध कर दिए गए हैं आखिर कैसे सरकारी कार्य सुचारू रूप से संचालित होगा दो नगर पंचायत आने जाने में पूरा दिन बर्बाद हो जाएगा लेकिन पास की नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी को सिराथू में सम्बद्ध नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि सिराथू नगर पंचायत से 10 किमी दूर नगर पंचायत कड़ा धाम, नगर पंचायत अझुवा के अधिशाषी अधिकारी को सिराथू नगर पंचायत में सम्बद्ध नहीं किए जाने के बाद नगर निकाय के प्रमुख सचिव के



**आखिर चरवा अधिशाषी अधिकारी में क्या खूबी, 50 किमी दूर सिराथू में किए गए संबद्ध**

**क्या सत्ता संरक्षित सफेद पोश बड़े नेता के चहेते हैं अधिशाषी अधिकारी चरवा**

कार्यों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं बता दें कि शासन ने नगर पंचायत अझुवा के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार मौर्य को उनके मूल विभाग परिवार कल्याण भेज दिया।वहीं प्रशासन ने नगर पंचायत सिराथू से 50 किमी दूर चरवा अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह को नगर पंचायत सिराथू में संबद्ध कर दिया आखिर नजदीक मौजूद नगर पंचायत अझुवा अथवा कड़ा धाम ईओ सिराथू नगर पंचायत में क्यों संबद्ध नहीं किए गए लोगो की चर्चा पर जाएं तो चरवा ईओ पर एक कथित भाजपाई का वरदहस्त प्राप्त है जिससे नगर निकाय भी उन पर मेहरबानी बनाए हुए हैं हालांकि अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र का दामन हमेशा विवादों से घिरा रहा है बराबर उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं जांच कर निलंबित किए जाने के बजाय उन्हें दूसरी नगर पंचायत का अतिरिक्त चार्ज देकर बख्शीश दे दिया गया है जो बड़ी जांच का विषय है।

# जमीन तो दे दिया अब मुआवजे के लिए कलेक्ट्रेट का चक्कर काट रहे लाभार्थी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गरीबों के साथ ऐसा मजाक योगी सरकार और उनके अधिकारी कर रहे हैं भाजपा की योगी सरकार में सांसद विधायक और उनके प्रतिनिधि गरीबों के साथ हो रहे मजाक को तमाशबीन बनकर देख रहे हैं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर एनएचआई अधिकारियों द्वारा एक तरफ गरीबों की जमीन छीन ली जा रही है उन्हें राहत देने के नाम पर मुआवजा देने की घोषणा की गई लेकिन जमीन छीनने के बाद मुआवजे में भी राहु केतु की तरह कर्मचारियों का ग्रहण लग गया है जिससे जमीन तो गरीबों की सरकार ले रही है लेकिन तमाम गरीब लोगों को अपनी जमीन का मुआवजा मिलता नहीं दिख रहा है जिससे जमीन चले जाने के बाद मुआवजा पाने के लिए गरीब लोग आए दिन कलेक्ट्रेट में एनएचआई लिपिक के पास फरियाद करते देखे जाते हैं लेकिन एनएचआई लिपिक के पास तो बिना लेनदेन के पत्रावली आगे बढ़ती ही नहीं है जिन लोगों ने एनएचआई लिपिक को खुश कर दिया उनकी पत्रावली में कार्यवाही पूरी हो गई और मुआवजा की रकम मिल गया लेकिन जिन लोगों ने एनएचआई लिपिक को खुश करने में असमर्थता जताई कई कई महीने बीत

**मुआवजे में भी राहु केतु की तरह कर्मचारियों का ग्रहण लग गया देना पड़ रहा घूस**

जाने के बाद उनके मुआवजे की रकम उनके बैंक खाते में नहीं पहुंच रही है जिले में सैकड़ों ऐसे गरीब लोग हैं जो एनएचआई के लिपिक को खुश नहीं कर सके जिससे उनके मुआवजे की रकम बीच अधर में लटक गई है एक तरफ गरीबो की जमीन चली गई रोजी-रोटी के संकट आ गए थे किसानी बर्बाद हो रही है रहने के लिए घर नहीं बचे हैं अपनी जमीन का मुआवजा पाने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में गरीब दौड़ रहे हैं यदि उन्हें मुआवजा मिल जाए तो कार्यालय दौड़ कर समय बर्बाद करने के बजाय वह मजदूरी कर अपने परिवार के लिए 2 जून रोटी का जुगाड़ कर सकते हैं लेकिन मुआवजा की रकम न मिलने से वह मजदूरी भी नहीं कर पा रहे हैं और संबंधित लिपिक के पास बार-बार दौड़ने के बाद भी मुआवजा की रकम भी नहीं मिली इससे उनके सामने 2 जून रोटी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है लेकिन उसके बाद भी एनएचआई कार्यालय में बैठे लिपिक के कारनामों की ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे जिससे एनएचआई के मुआवजा के आड़ में अवैध वसूली में लगे संबंधित लिपिक के हौसले बुलंद हैं। तमाम मामलों में सिराथू तहसील के मलाक भायल गांव निवासी विधवा महिला नसरीन पत्नी स्वर्गीय शाह मोहम्मद के मलाक भायल स्थित जमीन 7 महीने पूर्व एनएचआई के चौड़ीकरण में अधिग्रहण कर ली गई है जमीन जाने के बाद बिधवा नसरीन मुआवजा की मांग कर रही है उसके आसपास के कई लोगों के मुआवजे की रकम उनके बैंक खातों तक पहुंच भी चुकी है लेकिन नसरीन को रकम नहीं मिल सकी आए दिन कलेक्ट्रेट में नसरीन और उसके रिश्तेदार मुआवजा की रकम के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन संबंधित लिपिक पता नहीं किस गुरुर में 7 महीने के दौरान विधवा महिला के मुआवजा की पत्रावली को कंप्लीट कर उसके बैंक खाते में रकम तक नहीं भेज सका संबंधित लिपिक का कहना है कि आपका पैसा बैंक भेज दिया बैंक की गलती है जबकि बैंक वालों का कहना है कि बैंक खाते में पैसा नहीं आया मुआवजा की रकम में हेराफेरी की आड़ में वसूली करने वाले संबंधित लिपिक के कारनामों को कब डीएम कमिश्नर संज्ञान लेंगे और कलेक्ट्रेट में बैठकर बेखौफ तरीके से एनएचआई मुआवजा के नाम पर वसूली करने वाले लिपिक परअधिकारी कब कठोर कार्यवाही करते हुए गरीबों को राहत देने की कोशिश करेंगे जिले की जनता इस बात का इंतजार कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### स्कूल वाहन दुर्घटनाग्रस्त दर्जनों छात्र लहूलुहान



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर के पास बुधवार की सुबह एक स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया डिवाइडर से स्कूली वाहन के टकराने के बाद वाहन का टायर फट गया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते ही बच्चे वाहन के अंदर लुढ़क गए और वाहन में लगे लोहे से टकराकर चोटिल हो गए बताया जाता है कि स्कूल के वाहन में 22 बच्चे सवार थे इस हादसे में वाहन में सवार दर्जनों छात्र घायल हो गए हैं स्कूल वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही मौके पर छात्रों के परिजन पहुंच गए सूचना मिलते ही स्कूल संचालिका भी घटनास्थल पर पहुंची है और घायल बच्चों के बचाव एवं राहत के साथ साथ इलाज में लग गई है मौके पर पहुंचे छात्रों के परिजन चोटिल बच्चों को लेकर घर चले गए जिन बच्चों को ज्यादा चोट लगी थी उन्हें निजी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया है स्थानीय लोगों की माने तो चालक कमलेश लापरवाही से गाड़ी चला रहा था स्कूली बच्चों को बैठाकर गाड़ी सौ किलोमीटर प्रति घंटा के ऊपर स्पीड पर दौड़ा रहा था। स्कूल के वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मौके पर बच्चो के परिजन पहुंचे और अपने बच्चो की स्थिति जानी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सहसंयोजक बनाए जाने पर पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**कौशाम्बी।** मनौरी गांव निवासी कुर्बान अली को हाल ही में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से प्रयागराज जिले का सहसंयोजक बनाया गया है। सहसंयोजक नामित किए जाने के बाद प्रयागराज स्थित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यालय में प्रथम आगमन पर प्रांत संयोजिका रेहाना खातून की अगुवाई में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर कुर्बान अली का जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह संपन्न होने के बाद पदाधिकारियों ने संगठन की नीतियों के बारे में अवगत कराया। साथ ही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारियों ने कुर्बान अली को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में जाकर कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की नीतियों को लोगों तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़ने का काम करें जिससे संगठन पहले से और अधिक मजबूत हो सके। कुर्बान अली पदाधिकारियों के समक्ष संगठन के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करने की बात को स्वीकार करते हुए पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार प्रकट किया।

### तालाब पर अवैध कब्जा रोकने की मांग को लेकर दर्जनों लोग पहुंचे तहसील



**चायल कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के शेरगढ़ में तालाब की भूमि संख्या 248 पर बबलू आदि जबरिया अवैध कब्जा कर रहे है तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग लेकर बुधवार को दर्जनों लोग चायल तहसील पहुंचे हैं और अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर तालाब पर कब्जा करने वाले पर मुकदमा दर्ज करा कर अवैध कब्जा रोकने की मांग की है अवैध कब्जा करने वाले को ग्रामीणों ने अपराधी और दबंग बताते हुए कहा कि यदि अधिकारियों ने तालाब का अवैध कब्जा नहीं रोका तो वह सड़क जाम करेंगे आंदोलन करेंगे और अधिकारियों की ईट से ईट बजा देंगे ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारी और तहसील के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में भी शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर तालाब की जमीन पर कब्जा करा दिया

### जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों को सुव्यवस्थित तरीके से अभिलेखों का रख-रखाव करने तथा कार्यालय को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से कार्यालय आने व शासकीय कार्यो को निष्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नाजिर कलेक्ट्रेट को कलेक्ट्रेट परिसर की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि नियमित अन्तराल पर कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाय।

### हैंडपंप मरम्मत रिबोर के नाम पर घोटाले की जांच कई महीने बाद भी नहीं हो सकी पूरी



**कौशांबी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के बेरूवा ग्राम पंचायत में हैंडपंप और रिबोर के नाम पर 8 लाख 95 हजार रुपए की रकम सरकारी खजाने से निकालकर खर्च किए जाने के मामले की शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच शुरू करा दी लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद हैंडपंप घोटाले की जांच रत्ती भर आगे नहीं बढ सकी है बताया जाता है कि एडीओ पंचायत मूरतगंज खंड विकास अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं हेरा फेरी करने वालो के बयान पर शिकायत का निस्तारण किया जा रहा है जमीनी हकीकत में हैंडपंप की मरम्मत ना कराए जाने रिबोर न कराए जाने से गांव वालों के सामने गर्मी के महीने में पानी की विकराल समस्या थी लेकिन पूरा गर्मी का समय बीत जाने के बाद भी खराब हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई है और हैंडपंप मरम्मत के नाम पर सरकारी खजाने को चूना लगाने वाले दोषियों पर मुकदमा दर्ज कराकर रिकवरी नहीं कराई गई है जिससे विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर किए गए धांधली की जांच कराकर दोषियों को दंडित किए जाने की मांग की है।

### पिकप मे लदी गेहूँ की बोरिया गायब

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र मे मंगलवार को निंभिया मोड़ के पास पिकअप और बाइक में हुए टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी दुर्घटना करने वाली पिकअप में करीब 50 बोरी गेहूं लदा था, पुलिस पिकप वाहन को थाना मे लाकर खडी करा दिया था, सूत्रो से मिली जानकारी के मुताबिक दुर्घटना करने वाली पिकअप मे लदी गेहू की कुछ बोरियां गायब बताई जा रही है,यह बाते ब्यापारी द्वारा बताई जा रही हैउसने बताया कि पिकप मे करीब 25 कुंतल गेहूँ लदा था जो अब कम हो गया है थाना पहुँचने के बाद बोरिया गायब होने पर सवाल खड़े हो गए।

संपादकीय

# ऑनलाइन दुनिया में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर ठगी के उपाय,

यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाए गए हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं।


आज दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक व्यवहार ऑनलाइन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन एवं लेपटॉप पर इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में इस तरह के आर्थिक व्यवहार किए जा रहे हैं। कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है। हालांकि इंटरनेट के माध्यम से देश विदेश के नागरिक एक दूसरे से सफलतापूर्वक बहुत आसानी से जुड़ पाते हैं परंतु जरा-सी असावधानी बहुत भारी नुक्सान का कारण भी बन जाती है। साइबर ठग इसी असावधानी का फायदा उठाकर आम नागरिकों को नुक्सान पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। साइबर ठगी में कुछ असामाजिक तत्व आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर कुछ विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से व्यक्ति विशेष के समस्त प्रकार के निजी डाटा, बैंक सम्बंधी जानकारी, आदि को चुरा लेते हैं और इस जानकारी का उपयोग कर साइबर ठगी को पूर्ण करते हैं।

साइबर ठगी इतनी सफाई से की जाती है कि कुछ लोगों को तो पता ही नहीं चलता कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यह सब साइबर ठगी के प्रति जागरूक न होने के चलता ही सम्भव हो पाता है। साइबर ठगी का शिकार अक्सर महिलाएं होती पाई जाती हैं। भारत की लगभग एक तिहाई महिलाएं किसी न किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं एवं इनमें से केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही इस सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि लगभग 47 प्रतिशत महिलाओं ने इस सम्बंध में कोई शिकायत दर्ज ही नहीं कराई है। साथ ही, लगभग 18 प्रतिशत महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्हें पता ही नहीं चला है कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यहां भी जानकारी का अभाव अधिक नजर आता है, क्योंकि आम नागरिकों को पता ही नहीं है कि उनके साथ साइबर ठगी होने के बाद उन्हें कहां एवं किस प्रकार शिकायत दर्ज कराना है। आम नागरिकों के जागरूक नहीं रहने के चलते भारत में साइबर ठगी अपने चरम पर पहुंच चुकी है।

वैश्विक स्तर पर जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 में साइबर ठगी के कुल 800,944 मामले दर्ज किए गए थे, इसमें लगभग 42.2 करोड़ नागरिक प्रभावित हुए थे तथा इन मामलों में 6 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि शामिल थी। ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, साइबर ठगी से साइबर ठगों को प्रति वर्ष 1.50 लाख करोड़ रुपए की कमाई होती है और प्रतिवर्ष लगभग 43 प्रतिशत साइबर ठगी के हमले छोटे व्यवसाईयों पर होते हैं।

यह सही है कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में, विशेष रूप से महानगरों में, आम नागरिकों का इंटरनेट के बगैर गुजारा करना बहुत मुश्किल है। परंतु यदि इंटरनेट का उपयोग सावधानी पूर्वक किया जाये तो साइबर ठगी से बहुत बड़ी हद्द तक बचा जा सकता है। इस संबंध में कुछ विशेष सावधानियों पर ध्यान देना आवश्यक होगा। जैसे मुफ्त में प्राप्त हो रही इंटरनेट (वाई फाई) की सेवा के उपयोग से बचा जाना चाहिए, क्योंकि कुछ ऐसे वाईफाई भी होते हैं जिनके माध्यम से मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से डाटा को चुरा लिया जाता है, अतः केवल सुरक्षित इंटरनेट की सेवा का ही उपयोग किया जाना चाहिए। आम नागरिकों को चाहिए कि वे इंटरनेट का उपयोग करने के पूर्व अपनी समस्त एप्लिकेशन पर मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें एवं मोबाइल फोन तथा लेपटॉप पर उपयोग किए जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम एवं इंटरनेट के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से समय समय पर अपडेट करते रहें, ताकि कोई भी हैकर सॉफ्टवेयर से निजी डाटा नहीं चुरा पाए। सोशल मीडिया खातों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में भी सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष रूप से व्यापारी वर्ग को तो अपनी वेबसाइट को बहुत ही सुरक्षित तरीके से चलाना चाहिए एवं समय समय पर पासवर्ड को भी बदलते रहना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार साइबर ठग इस प्रकार की लिंक भेजते हैं एवं इस लिंक को क्लिक कर खोलने से वे संबंधित मोबाइल एवं लैपटॉप की सारी जानकारी हैक कर लेते हैं और साइबर ठगी करने में सफल हो जाते हैं। इस पद्धति से की गई साइबर ठगी को फिशिंग कहा जाता है और आजकल अधिकतर इस प्रकार की कार्य प्रणाली से ही साइबर ठगी की जा रही है। पूर्ण सावधानी रखने के बाद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाए गए हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साइबर ठगी से जुड़े मामलों की शिकायत के लिए विशेष हेल्पलाइन फोन क्रमांक भी जारी किया गया है। यदि साइबर ठगी आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही है तो इस सम्बंध में अपने बैंक से भी तुरंत सम्पर्क करना चाहिए तथा अपना क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड ब्लाक करवाने की कार्यवाही करनी चाहिए ताकि क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही साइबर ठगी को रोका जा सके। साथ ही अपने बैंक खाते को भी फ्रीज कराया जा सकता है। केंद्र सरकार ने साइबर ठगी की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से एक अलग पोर्टल भी बनाया है। इस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# वैश्विक बाजारी शक्तियां भारत के संयुक्त परिवारों को तोड़ने में सफल हो रही हैं



बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाये ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े।

सनातन भारतीय संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता-पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी।

विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाये ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमें संयुक्त परिवार के नुकसान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जॉर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

आज यदि भारत विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बन जाता है, जिसके लिए लगातार प्रयास भारत में किए जा रहे हैं, तो इसका सबसे अधिक बुरा असर इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों पर होने वाला है। क्योंकि, इससे इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की मांग भारत में कम हो जाएगी और आज केवल भारत ही पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। यदि भारत में इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के उत्पादों की मांग कम हो जाती है तो ये कम्पनियां अपने उत्पादों को बेचेंगी कहां एवं कैसे अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करेंगी। इसलिए इन बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भारत की महान संस्कृति पर अपने हमलों के तेज कर दिया है।

विकसित देशों में आज सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो गया है। शादी शुदा जोड़ों के बीच तलाक की दर लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिससे छोटे छोटे बच्चे केवल अपने माता अथवा पिता के साथ रहने को मजबूर हैं। यदि माता अथवा पिता में से कोई एक पुनः विवाह कर लेता है तो उस बच्चे को सौतेले पिता अथवा सौतेली माता के साथ रहना होता है, जहां उसकी पर्याप्त देखभाल नहीं हो पाती है तथा उस बच्चे का मानसिक विकास ठीक तरीके से नहीं हो पाता है। ये बच्चे अक्सर मानसिक तनाव के दौर से गुजरते हैं और इसका पूरा असर इन बच्चों की पढ़ाई पर भी पढ़ता है। आज अमेरिका में अमेरिकी मूल के नागरिकों के बच्चे विज्ञान एवं गणित जैसे विषयों में बहुत कम रुचि ले रहे हैं, इससे वहां के मूल नागरिकों के बच्चे न तो डॉक्टर बन पा रहे हैं और न ही इंजिनीयर। डॉक्टर एवं इंजिनीयर के साथ-साथ प्रबंधन के क्षेत्र में भी एशियाई मूल के नागरिकों के बच्चे आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी प्रकार, विकसित देशों में विवाह पूर्व बच्चों का गर्भ धारण करना भी आम रिवाज होता जा रहा है तथा बगैर विवाह किये लिव इन रिलेशनशिप में साथ रहना भी आम बात हो गई है। लिव इन रिलेशनशिप के दौरान पैदा हुए बच्चों को न केवल कई प्रकार की कानूनी समस्याओं का सामना करना होता है बल्कि इन बच्चों की देखभाल भी ठीक तरीके से नहीं हो पाती है। विकसित देशों में बच्चों का सही लालन पालन नहीं होने के चलते इन बच्चों में हिंसा की प्रवृति पैदा हो रही है। इसी कारण से आज अमेरिका में प्रति नागरिक जेलों की संख्या अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक है, स्वाभाविक रूप से प्रति नागरिक कैदियों की संख्या भी तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है।

सामाजिक ताना-बाना के छिन्न भिन्न होने के चलते आज अमेरिका में सबसे अधिक खर्च सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर करना पड़ रहा है। वृद्ध नागरिक, चूंकि अपने बच्चों से अलग रहते हैं एवं वृद्धावस्था में उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है अतः इनकी देखभाल पर सरकार को भारी भरकम राशि खर्च करनी होती है। इसी प्रकार जेलों के रख रखाव एवं इनमें निवास कर रहे कैदियों पर भी भारी भरकम राशि खर्च करनी होती है। इस प्रकार के खर्च उत्पादकता के श्रेणी में नहीं होने के चलते व्यर्थ खर्च ही माने जाते हैं। इससे कुल मिलाकर विशेष रूप से अमेरिका आज गम्भीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहा है। अमेरिका के इस अवस्था में पहुंचने के पीछे विशेष रूप से वहां का सामाजिक ताना-बाना का छिन्न भिन्न होना ही माना जा रहा है।

इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति में कुटुंब व्यवस्था को ईश्वर प्रदत्त उपहार माना गया है। संयुक्त परिवार में बच्चों के रहने के चलते उनकी बचपन में देखभाल ठीक तरह से होती है एवं भारत के बच्चों के हिंसा की प्रवृत्ति लगभग नहीं के बराबर पाई जाती है। इन बच्चों का मानसिक विकास भी उच्च स्तर का हो जाता है। बुजुर्गों की देखभाल भी संयुक्त परिवार में बहुत अच्छी तरह से हो जाती है एवं सरकारों को किसी विशेष प्रकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। परंतु, पश्चिमी देशों द्वारा सनातन भारतीय संस्कृति पर प्रहार किए जा रहे हैं। इस प्रकार के प्रयासों से भारतीय नागरिकों को आज जागरूक करने की आवश्यकता है। पश्चिमी संस्कृति तो अपने आप में असफल सिद्ध होती दिखाई दे रही है। अब केवल सनातन भारतीय संस्कृति ही विकसित देशों में फैल रही अशांति को दूर करने में सक्षम दिखाई दे रही है। इस प्रकार, सनातन भारतीय संस्कृति को अपनाकर पूरे विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

-प्रह्लाद सबनानी
सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक

# पर्यावरण संरक्षण में अनूठी देन-बीज बम आंदोलन !

भारत में जून और जुलाई बारिश के महीने होते हैं और बारिश के सीजन में पेड़-पौधों तथा विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के पनपने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है और शायद यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है और देश के विभिन्न स्थानों पर जून और जुलाई के महीनों में वृक्षारोपण अभियान, कार्यक्रमों को अंजाम दिया जाता है, क्यों कि बारिश के सीजन में लगे पेड़-पौधों को प्राकृतिक रूप से पनपने का अवसर मिल जाता है। पर्यावरण की दृष्टि से जून और जुलाई बहुत ही अच्छे महीने माने जाते हैं। आज के समय में पर्यावरण की रक्षा के संदर्भ में अनेकानेक अभियान चलायें जाते हैं, हजारों लाखों पेड़ पौधे भी लगाये जाते हैं लेकिन ज्यादातर पेड़ पौधे पानी के अभाव, सार-संभाल के चलते मर जाते हैं। लेकिन प्रकृति ने मानव को पेड़ पौधों की रक्षा के लिए जून और जुलाई के महीने दिए हैं,जब देश में लगभग लगभग हरेक स्थान पर बारिश होती है। इसलिए इन महीनों में वृक्षारोपण अभियान चलाकर हम पर्यावरण की रक्षा विशेष रूप से कर सकते हैं। हमें यह चाहिए कि हम इन दो महीनों में विशेष रूप से वृक्षारोपण करें, प्रकृति का संरक्षण करें। पेड़ पौधों को हम अक्सर रोपित तो कर देते हैं लेकिन कुछ समय के अंतराल के बाद हम उनमें खाद पानी देना,उनकी सार-संभाल करना अक्सर भूल जाते हैं। पेड़ पौधों को छोटे बच्चे की तरह पालना पड़ता है,तभी वे आगे जाकर बड़े पेड़ का रूप धारण करते हैं। बारिश के सीजन में आजकल बीज बम अभियान एक अनोखा अभियान है। देश के पहाड़ी क्षेत्रों में बीज बम अभियान अक्सर चलाया जाता है जो पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में एक अनूठा प्रयोग भी कहा जा सकता है। पिछले वर्ष पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में वहां के मुख्यमंत्री द्वारा बीज बम सप्ताह चलाया गया। जानकारी देना चाहूंगा कि अभियान के नाम में बम शब्द होने से यह किसी युद्ध या सेना से जुड़ा अभियान नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के संरक्षण के लिए वर्ष 2017 में शुरू हुआ एक ऐसा अनूठा अभियान है, जो कि प्रदेश में बढ़ते वन्य जीव और मानव संघर्ष को समाप्त करने के लिए शुरू किया गया अभियान है। जानकारी देना चाहूंगा कि

बीज बम का अभियान द्वारिका सेमवाल ने वर्ष 2017 में शुरू किया था। उत्तरकाशी के द्वारिका सेमवाल बीज बम अभियान में पिछले कुछ वर्षों से जुटे हुए हैं। वास्तव में यह पारिस्थितकी तंत्र की पुनर्बहाली और मानव वन्यजीव संघर्ष से कम करने के लिए शुरू किया गया अभियान है। यहां यह भी बताता चलूं कि जापान और मिस्र जैसे देशों में यह 'तकनीकी सीड बाल' के नाम से सदियों पहले से परंपरागत रूप से चलती आ रही है। बीज बम अभियान से वन्य जीवों को जंगलों में ही भोजन उपलब्ध हो सकता है, क्यों कि मानवीय दखल से जंगली जानवरों के समक्ष भोजन की समस्या भी कहीं न कहीं पैदा हुई ही है। अब हमें यहां यह जानने की जरूरत है कि आखिर बीज बम अभियान है क्या ? तो जानकारी देना चाहूंगा कि हम जो भी फल, सब्जी आदि खाते हैं उनके बीज हमें सुरक्षित रखने चाहिए और जैसे ही बरसात का सीजन आए तो मिटटी, गोबर व पानी को मिला कर हम बीज बम बना सकते हैं। सात आठ दिन सुखाने के बाद हम उन्हें कहीं भी जंगल या बंजर भूमि में डाल सकते हैं ,इससे जंगली जानवरों को भोजन मिल सकता है। जंगल में कहीं भी अनुकूल स्थान पर इन बीज बमों को छोड़ने से पेड़ पौधे उगते हैं, और वनों में बढ़ोतरी होती है। वास्तव में सच तो यह है कि

बीज बम के जरिए हम वहां वनस्पतियों को उन स्थानों पर भी उगा सकते हैं जहां कोई मानव नहीं जा सकता है अथवा मानव की जहां पहुंच संभव नहीं होती। यह खेल-खेल में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल कहीं जा सकती है। बीज बम अभियान की खासियत यह है कि इसमें खर्चा भी बहुत कम है और इसमें बच्चे भी विशेष रुचि दिखा सकते हैं। एक प्रकार से देखा जाए तो यह एक वैज्ञानिक अभियान है। कितनी अच्छी बात है कि मिट्टी व गोबर की गेंद में विभिन्न प्रजातियों के बीजों को रखकर वनों तथा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में आसानी से पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है। हम यह बात कह सकते हैं कि बीज बम अभियान का वास्तविक मकसद जंगलों में पैदा होने वाली विभिन्न सब्जियों, फलों को प्रकृति के सानिध्य में उगाया जाए और इससे जंगली जानवरों को जंगलों में ही भोजन मिल सके। इसका सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि जब जंगली जानवरों को जंगल में ही पर्याप्त भोजन मिलने लगेगा तो वे मानव बस्तियों की ओर कूच नहीं करेंगे। यह वास्तव में बहुत ही काबिलेतारिफ है कि हिमालय पर्यापरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान (जाड़ी) की ओर से शुरू किए गए अभियान को अब उत्तराखंड सरकार ने गंभीरता से लिया है। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष इस 'बीज बम' अभियान को साप्ताहिक तौर पर मनाने के लिए सभी जिलों को निर्देश दिए। वास्तव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह अनूठा प्रयास सीमांत क्षेत्र उत्तरकाशी से शुरू होकर अब धीरे धीरे एक वृहद रूप लेता नजर आ रहा है। यहां तक कि सरकार की ओर से प्रदेश की रजत जयंती पर इस अभियान को वृहद स्तर पर मनाने की घोषणा की गई। वास्तव में आज आबादी बढ़ रही है और आबादी बढ़ने के साथ ही मानव गतिविधियों के कारण कंक्रीट के जंगलों में भी अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। आबादी बढ़ने के कारण वन क्षेत्र में कमी आई है। वनों में आज आदमी जगह बनाता चला जा रहा है और इससे जंगली जानवरों,पशु पक्षियों के समक्ष रहवास का खतरा भी पैदा हुआ है। सच तो यह है कि बढ़ती आबादी के साथ पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक वन क्षेत्र में कमी होने के कारण वन्य जीव और मानव का संघर्ष जन्म लेने लगा है। यहां उल्लेखनीय है कि उत्तरकाशी जनपद के थांडी-कमद से वर्ष 2017 में बीज बम अभियान सप्ताह का शुभारंभ किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों को जोड़ा गया। आज विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, स्कूल कालेजों के छात्र छात्राएं, एनजीओ समेत हजारों लाखों लोग बीज बम अभियान से जुड़े हैं और वर्तमान में भी इस अभियान से लोगों का जुड़ना निरंतर जारी है। आज उत्तराखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाता है और इससे पर्यावरण संरक्षण को तो बल मिला ही है, और मानव बस्तियों में जंगली जानवरों का उत्पात भी कम देखने को मिला है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि इससे लोगों को जंगली जानवरों के उत्पात से काफी राहत मिली है। आज बीज बम अभियान को न केवल उत्तराखंड राज्य में बल्कि देश के अनेक राज्यों में लगातार प्रशंसा मिल रही है और बीज बम अभियान अपनी उपयोगिता को लगातार सिद्ध कर रहा है। अंत में यही कहूंगा कि दुनिया को पर्यावरण संरक्षण के लिए चिपको आंदोलन और मैती आंदोलन जैसे विचार और सफल प्रयोग देने वाले उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण के साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने के लिए बीज बम आंदोलन आज लगातार संपूर्ण देश में जोर पकड़ रहा है।

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार।**
**मोबाइल 9828108858**

# अन्तर्ग्रहीय विद्युत ऊर्जा तरंगों से जिनका मूल स्रोत है वही अनादि, आद्या शक्ति माँ भगवती है:ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता

विश्वजननी पराशक्ति श्रीदुर्गा से ही शब्द एवं सृष्टि की उत्पत्ति हुयी है। शक्ति ने जब स्फूर्ति रूप धारण किया तब परमतत्व भगवान शिव ने उसमें तेजरूप से प्रवेश किया और इसप्रकार बिन्दु का प्रादुर्भाव हुआ। ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इसी प्रकार, जब शिव में शक्ति का प्रवेश हुआ तब नारीतत्व या नादतत्व व्यक्त हुआ।इन्हीं दोनों तत्वों (नाद और बिन्दु) के मिलने से अर्द्धनारीश्वर रूप का प्रादुर्भाव हुआ। पुरुषत्व श्वेत एवं नारी-तत्व रक्त-वर्ण है।इन्हीं दोनों के सम्मिलन से कला की उत्पत्ति हुयी है।इस काम एवं कला तथा नाद व बिन्दु के योग से ही यह त्रिगुणात्मक सृष्टि उत्पन्न हुयी है।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि मूलतत्व शिव अनन्त एवं अव्यक्त हैं और सृष्टि के प्रत्येक विकास में उस शिवतत्व का आगम है। इस शिव की अजा आद्याशक्ति ही प्रकृति रूपा हैं। इस परम सत्ता को वेद भगवान ने पुरुष और स्त्री दोनों के ही रूपों में जाना। ऋग्वेद के 'नारदीय सूक्त' और 'पुरुष सूक्त' में चरम सत्ता का वर्णन 'पुरूष' रूप में लिखा गया है, किन्तु एक अन्य सूक्त में उस सत्ता का वर्णन 'स्त्री' के रूप में भी है।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि इसी सूक्त से ज्ञात होता है कि भगवती दुर्गा ने जगत्पिता को उत्पन्न किया है और समग्र भुवनों में प्रविष्ट होकर स्वर्ग व मर्त्यलोक के परे भी विद्यमान हैं।

पुराण साहित्य में शक्तितत्व का प्रतिपादन पूर्णतः नवीन नहीं है। वस्तुतः वह वैदिकी शक्ति-साधना का विकसित रूप है, जो यहाँ मौलिक सा आभासित होता है।ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि मत्स्य पुराण, कालिका पुराण, देवी पुराण, देवी भागवत, मार्कण्डेय पुराण, आदि महापुराण और उपपुराणों में भगवती दुर्गा के माहात्म्य का वर्णन है, जबकि कालिका पुराण, देवी पुराण, मत्स्य पुराण तथा वृहन्नान्दिकेश्वर पुराण में दुगार्पूजा की पद्धति दी गयी है। वृहन्नान्दिकेश्वर पुराण वर्तमान में उपलब्ध न होने पर भी उसमें वर्णित दुगार्पूजा की पद्धति पायी जाती है। प्रचलित मत्स्य पुराण में दुगार्पूजा-पद्धति नहीं मिलती। मार्कण्डेय पुराण में पूजा-पद्धति न होने पर भी उसमें जो देवी महात्म्य या सप्तशति स्तवन है, उसका पाठ दुगार्पूजा में आवश्यक रूप से निर्दिष्ट है। काली विलास तंत्र में शारदीय दुगार्पूजा का विस्तार से वर्णन है।

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया की अष्टादश पुराणों में मार्कण्डेय पुराण तथा देवी भागवत में बहुत ही विस्तृत रूप में शक्तितत्व का निरूपण हुआ है।ब्रह्मवैवर्त पुराण के कृष्ण जन्म-खण्ड में भी शक्ति तत्व का आभास मिलता है। मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य अथवा दुर्गा चरित में आद्याशक्ति भगवती महामाया को सभी देवताओं के शरीर से निकला हुआ तेज बताया गया है, जो एकस्थ होकर तीनों लोकों में व्याप्त हुआ एक दिव्य नारी रूप को प्राप्त करता है-

"अतुलं तत्र तत्तेजः सर्वदेवशरीरजम्।
एकस्थं तदभून्नारी व्यालोकत्रयं त्विषा।।"

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि यही निखिल तेजोमयी नारी भगवती दुर्गा कहलायीं, जिनके आविर्भाव का वही प्रयोजन है जो गीता में भगवान के अवतार का प्रयोजन बताया गया है।जगदम्बा दुर्गा का यह आविर्भाव देवताओं की कार्यसिद्धि के निमित्त होता है। यथा-

"देवानां कार्यसिद्धयर्थमाविर्भवति सा यदा।"

ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्ण मेहता ने बताया कि मार्कण्डेय पुराण के वर्णन से स्पष्ट है कि एक ही महाशक्ति विभिन्न रूपों में अवतरित होकर नाना प्रकार की लीलाएँ किया करती हैं।महालक्ष्मी, महासरस्वती तथा महाकाली रूप में उसी परमात्मशक्ति का वर्णन देवी महात्म्य में किया गया है।

# " आपस मे लडना छोडो - लोगोंके विकास के लिए काम करें।

कई वरिष्ठा नेताओने अपने काम से दिखाया है कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारत की कोई उत्कृष्ट स्थिति नहीं है। आज हम अमेरिका जैसे देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, उनके आदर्श को अपने सामने रख रहे हैं। हालाँकि, हम इंतजार कर रहे हैं कि हमारा देश इसे हासिल करके दुनिया में एक उत्कृष्ट देश के रूप में जाना जाए, जिसे वैश्विक कारोबार के क्षेत्र के रूप में प्रसिद्धि नहीं मिली है। लेकिन मौजूदा हालात से तो यही लगता है कि हम बहुत पीछे जा रहे हैं. तो ऐसा लगता है कि बराबरी एक सपना ही बनकर रह जाएगी. इसका मुख्य कारण आज का लोकतंत्र है। मुझे नहीं पता कि वह कैसी दिखती है.

पिछले दो-चार साल से हम दो पार्टियों और दो नेताओं के बीच ही झगड़े देख रहे हैं. नेता इस समय एक-दूसरे पर गंदे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। मजे की बात है कि पूरा महाराष्ट्र खुली आंखों से देख रहा है कि तीन पार्टियों की सरकार है. उनके पास इसे देखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है. जनता द्वारा चुने गए नेता वोट के लिए खुद को प्रस्तुत करते नजर आ रहे हैं। वे इस बात में अधिक व्यस्त दिखते हैं कि लोगों के लिए कुछ किए बिना उन्हें मंत्री पद कैसे मिल सकता है। इसके लिए वे दल बदल कर जनता द्वारा चुने गये लोगों का अपमान कर रहे हैं. जनाने द्वारा बड़े आत्मविश्वास से चुने गए नेता काम में कम और अपनी कुर्सी बरकरार रखने में ज्यादा व्यस्त नजर आ रहे हैं. उनके पार्टी बदलने से लोगों के काम पर ध्यान नहीं दिया जा सकता. देश और हर राज्य में कई कल्याणकारी योजनाएं धूल में पड़ी हुई हैं। इनके झगड़े के कारण पिछले पंद्रह सालों से मुंबई-गोवा हाईवे ठप पड़ा हुआ है. कोंकणी लोग सोच रहे हैं कि यह कब पूरा होगा। ये उनके झगड़े का बुरा नतीजा है!

पिछले ढाई साल से हम सब कोरोना से लड़ रहे हैं और इसमें सफल भी हो रहे हैं। अगर ये सब सही भी है तो लोगों की समस्याएं कब दूर होंगी? हालांकि कोरोना को खत्म करने के लिए लोग एकजुट हो गए हैं, लेकिन अन्य सुविधाओं का क्या होगा? ऐसा कोई सवाल ही नहीं है! इस कारण से, यदि ये राजनीतिक नेता एक-दूसरे की दया पर निर्भर रहेंगे, तो विकास और लोगों की सुविधाओं का क्या होगा? कि वह सिर्फ नेताओं के झगड़े ही सुनते रहेंगे मौजूदा हालात में बड़े-बड़े अभिनेताओं के बच्चों के नशीली दवाओं के सेवन की बात सामने आ रही है और नए और छोटे बच्चे माफिया के चंगुल में फंस रहे हैं। इनसे छुटकारा पाना जरूरी है. लेकिन नेताओं के झगड़े पर कौन ध्यान देगा?

महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों में भी काम सुचारू रूप से चलता दिख रहा है. महाराष्ट्र के राजनीतिक नेता ही एक-दूसरे की बोली लगाने में ज्यादा व्यस्त नजर आ रहे हैं. सभी लोगों का मानना है कि इसकी वजह यहां की राजनीतिक स्थिति है. सारा समय एक दूसरे पर आरोप लगाने में बीत रहा है. इसलिए नेताओं के पास महाराष्ट्र की जनता पर ध्यान देने का समय नहीं है।

# जेम पोर्टल से ही करें खरीदारी: डीएम

## जिला स्तरीय हुई कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय जेम कार्यशाला में कहा कि जेम पोर्टल भारत सरकार ने लागू किया है, जो ट्रांसपेरेंसी है। प्रदेश सरकार इसमें सहयोग कर रही है। अन्य प्रदेशों की अपेक्षा उप्र सरकार का अच्छा परफॉर्मेंस है।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शासनादेश के अनुसार जैम से ही कार्यालय में उपयोग होने वाली वस्तुओं की खरीद्दारी करें। मैन पावर की भी व्यवस्था करायें। जो समस्या है वह तकनीकी सलाहकार प्रवीण बाघवानी से संपर्क कर समाधान करायें, ताकि प्रदेश व जिले की प्रगति अच्छी रहे।




कार्यशाला में जेम प्रकोष्ठ लखनऊ के तकनीकी सलाहकार प्रवीण वाधवानी, हिमांशु ने जेम गवर्नमेंट मार्केटप्लेस में आसान खरीदारी पारदर्शी प्रक्रिया कुशल प्रबंधन व निगरानी की बाबत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौ अगस्त 2016 को भारत सरकार के वाणिज्य कर कार्यालय से जेम पोर्टल की शुरूआत की गई थी। 23 अगस्त 2017 को उप्र सरकार ने शासनादेश जारी किया है कि सभी शासकीय विभाग अनिवार्य रूप से विभाग में उपयोग होने वाली वस्तुओं की खरीदारी जेम पोर्टल के ही करें। सभी कार्यालय अध्यक्ष जेम पोर्टल पर पंजीकरण करायें। जिन विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य जिलों में होगा वह अपना आधार कार्ड आईडी देकर प्रतिस्थानी का पंजीकरण कराएंगे। 21 जून 2020 से भारत सरकार को प्रदेश सरकार ने क्रय नीति लागू की है। सूक्ष्म लघु एवं उद्यम विभाग ने भी शासनादेश जारी किया है।

सभी एमएसएमई के तहत व्यवस्थायें दी गई है। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी ने उद्यमियों से कहा कि जो उद्यमी पंजीकरण नहीं कराये, वह पंजीकरण यूआरसी पोर्टल की वेबसाइट पर ऑनलाइन 31 जुलाई तक करा लें। शासन ने 15 अगस्त से यूआरसी पांच लाख रुपए तक की दुर्घटना बीमा की सुविधा देगी। कार्यशाला में परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह समेत डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक बांदा के अध्यक्ष/व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी, अरुण गुप्ता, गुलाब चन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस ने गोष्ठी कर नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाडा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने यातायात टीम के साथ ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज कर्वी में प्रदेश में बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम को यातायात गोष्ठी की।

बुधवार को गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी दी। नियमों के पालन करने को कहा। सभी से कहा कि परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल जाते समय हमेशा बायीं ओर चले।

इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य छोटेलाल व अन्य शिक्षक तथा कॉलेज के छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

# कार्यवाही से बचने को अशोक गुप्ता नहीं ले रहे नोटिस

## प्राधिकरण की सचिव ने चेताया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वन्दिता श्रीवास्तव ने स्टेशन रोड गांधीगंज के अधिवक्ता अशोक गुप्ता को एक जुलाई व 12 जुलाई को अपना पक्ष रखने बाबत नोटिस भेजी थी। अशोक गुप्ता ने घर से बाहर है- कहकर नोटिस वापस कर दी। उन्होंने अशोक गुप्ता को अपना पक्ष रखने को 26 जुलाई को अपरान्ह तीन बजे प्राधिकरण कार्यालय बुलाया है।

बुधवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वन्दिता श्रीवास्तव ने स्टेशन रोड गांधीगंज के अधिवक्ता अशोक गुप्ता को एक जुलाई को भेजी नोटिस में कहा है कि डाकिया के घर जाने पर घर से बाहर हैं- कहकर नोटिस वापस कर दिया है। उन्होंने समाचार पत्र के माध्यम से उन्हें अवगत कराया है कि जनसूचना अधिकार अधिनियम के तहत वांछित सूचनायें प्राधिकरण कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

दूसरी नोटिस में कहा है कि कर्वी सरकार धुस मैदान के पीछे मन्दाकिनी नदी किनारे अनाधिकृत निर्माण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कायम वाद की सुनवाई को प्राधिकरण ने 12 जुलाई को पक्ष रखने को सूचना दी थी। इस सूचना को भी डाकिया को घर से बाहर हैं- कहकर वापस कर दिया। उन्होंने समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि वाद की सुनवाई को प्राधिकरण कार्यालय में 26 जुलाई को अपरान्ह तीन बजे आ सकते हैं। उन्होंने गुप्ता से अपेक्षा की है कि निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष पेश करें। अन्यथा की दशा में कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अशोक गुप्ता सरकारी कार्यवाही से बचने को नोटिस नहीं ले रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्राधिकरण की सचिव ने उन्हें पुनः मौका दिया है। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ एकतरफा कार्यवाही कर दी जायेगी।

### 20 जुलाई को भवन मानचित्रों का होगा निराकरण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत मंजूर भवन मानचित्रों के जल्द निस्तारण को प्राधिकरण ने मानचित्र समाधान दिवस 20 जुलाई को पूर्वान्ह दस बजे से अपरान्ह दो बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा।

बुधवार को उन्होंने बताया कि संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, संबंधित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार/आर्किटेक्ट मौजूद रहेंगे। संबंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण कर भवन मानचित्र की मंजूरी की कार्यवाही की जायेगी। सभी संबंधित लोग बीस जुलाई को पहुंचकर सुविधा का लाभ उठायें।

# गुंता बांध विस्थापितों को सरकार दे न्याय

## गहोरा खास के ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासभा की राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा की अगुवाई में ग्रामीणों ने गुंता बांध परियोजना से विस्थापित गहोरा खास के ग्रामीणों को आवास, पट्टा, पेयजल पाइपलाइन ठीक कराने की मांग की है।

बुधवार को प्रभास महासंघ ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टेज्ट पहुंचकर सौंपे ज्ञापन में कहा कि गुंता बांध निर्माण दौरान गहोरा खास के ग्रामीणों की अधिग्रहीत जमीनों के बदले प्रत्येक भूमिहीन परिवार को कृषि योग्य दो-दो बीघा जमीन का पट्टा देने या अधिग्रहीत जमीनों के बदले प्रत्येक परिवार को दस-दस लाख रूपए का मुआवजा दिया जाये। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 1975-76 में गुंता बांध परियोजना रैपुरा की शुरूआत हुई थी। लगभग 15 मौजों के



ग्रामीणों की जमीनें अधिग्रहित हुई थी। गहोरा खास मौजा को विस्थापित कर रैपुरा में बसाया गया था। गहोरा खास के ग्रामीणों की जमीने बांध निर्माण को अधिग्रहीत कर ली गई थी। अंग्रेजों के बनाए कानून भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत ग्रामीणों की जमीने तो ले ली गई, बदले में आबादी विहीन स्थान पर रहने को एवं आवास बनाने को प्रत्येक परिवार को डेढ़-डेढ़ बिस्वा जमीन दी गई थी।

उन्होंने कहा कि अधिग्रहीत कृषि योग्य जमीने विस्थापित ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का आधार थीं। ग्रामीणों की जमीनें अधिग्रहित कर लेना बदले में उचित मुआवजा न देना सरासर अन्याय है। विस्थापित गहोरा खास के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। गहोरा खास के ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने को सभी भूमिहीन परिवारों को आवासीय पट्टा, पेयजल सुविधा, जीविकोपार्जन को कृषि योग्य जमीने व उचित मुआवजा दिया जाये। इस मौके पर प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग, राष्ट्रीय संरक्षक अनिमेष कुमार गुप्ता, जिला सचिव आशीष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष केदारनाथ, मुकेश कुमार, सत्यनारायण, प्रदोष कुमार, राजाराम, भानुमति, सुमन देवी, राजबहादुर, राजरानी एवं रामेश्वर प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मानिकपुर व मऊ को मिले नये एसडीएम





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश पर मानिकपुर तहसील में रामजन्म यादव और मऊ तहसील में राकेश कुमार पाठक ने उपजिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बुधवार को मानिकपुर व मऊ में नए उप जिलाधिकारियों का स्टाफ व अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों ने कार्यभार ग्रहण करने पर स्वागत किया है। दोनों उप जिलाधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशानुसार कार्य होंगे। मातहत कर्मचारियों से कहा कि सभी लोग टीम भावना से कार्य करें। जन समस्याओं के निस्तारण में ढिलाई न की जाए। पीड़ित व्यक्ति को त्वरित न्याय मिले। किसी भी कार्य में जनता को परेशान न होना पड़े। कर्मचारियों से कहा कि सभी लोग कार्यप्रणाली में सुधार लायें। टरकाऊ नीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ित फरियादी के आने पर तत्काल समस्या का समाधान किया जायेगा। तहसील क्षेत्र में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए जनसमस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण कराना है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से संचालित योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने की बात कही। राजस्व विभाग में लंबित मामलों को त्वरित गति से निस्तारित किया जाएगा।

# चार साल की आदिवासी बच्ची के पानी से भरा बर्तन छूने पर मचा बवाल

## कब खत्म होगी छुआछूत की बीमारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी छुआछूत की बीमारी कम होने का नाम नहीं ले रही। चार वर्षीय आदिवासी बालिका ने एक ब्राह्मण समाज की महिला के पानी से भरे बर्तन को छू लिया, उसकी पिटाई कर दी गई।

हैरानी की बात ये है कि आदिवासी परिवार के लोगों ने विरोध जताया तो दबंगों ने पीड़ित परिवार की भी लाठी-डंडों से पिटाई की। आदिवासी परिवार को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित आदिवासी परिवार ने न्याय को मानिकपुर थाने में तहरीर दी है।

ये मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कल्याणगढ़ गांव का है। दलित आदिवासी कोल महिला छोटी अपनी चार वर्षीय बच्ची को लेकर गांव में लगे सरकारी नलकूप में पानी भरने गई थी।



उसकी बच्ची ने एक ब्राह्मण समाज की महिला के पानी से भरे बर्तन को छू लिया। उस महिला ने बच्ची को मार दिया। दलित महिला ने विरोध किया तो ब्राम्हण समाज की महिला ने पति भोले व बेटे प्रदीप को बुलाकर आदिवासी महिला व उसके पति लल्लू की लाठी-डंडों से पिटाई की। पीड़ित आदिवासी कोल परिवार ने मानिकपुर थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

इस मामले में मानिकपुर थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है। पानी भरने को लेकर मारपीट हुई है। मामले की जांच हो रही है। सवाल ये है कि छुआछूत की बीमारी को खत्म करने को सरकारों ने तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन ये बीमारी आज भी बनी हुई है।

## बकायेदार को किया बन्द, वसूली को टीम गठित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील कर्वी में वसूली को नायब तहसीलदार की अगुवाई में एसडीएम राजबहादुर ने टीम का गठन किया है।

बुधवार को टीम ने पंजाब नेशनल बैंक के बकायेदार कुशल जैन पुत्र स्व दीपक जैन निवासी रामपुरी पुरानी बाजार कर्वी के बार-बार बकाया जमा न करने से राजस्व हवालात में बन्द किया। बकायेदार पर छह लाख सतहत्तर हजार आठ सौ सत्तर रुपये का बकाया है। वसूली टीम में तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी, नायब तहसीलदार कर्वी रामानन्द मिश्र, नायब तहसीलदार मंगल यादव, संग्रह अमीन राकेश कुमार पाण्डेय, रहमान खां, विद्यासागर व संग्रह अनुसेवक अब्दुल सगीर, कुलदीप सिंह, सत्यनरायन एवं पंजाब नेशनल बैंक शाखा कर्वी के शाखा प्रबन्धक अनुराग करवरिया, पंजाब नेशनल बैंक शाखा चित्रकूट के शाखा प्रबन्धक राकेश शर्मा व बैंक के रिकवरी आफीसर देवेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

इस बाबत तहसीलदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बकाया न जमा करने से गिरफ्तारी की गयी है। अन्य बकायेदारों से भी अभियान चलाकर सख्ती से वसूली की जायेगी।

## सडक सुरक्षा के एआरटीओ ने बताये नियम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 17 से 31 जुलाई तक परिवहन विभाग चला रहा है।

बुधवार को एआरटीओ प्रवर्तन, यात्रीकर/मालकर अधिकारी संतोष कुमार तिवारी ने शहरी क्षेत्र में हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले गलत दिशा में वाहन चलाने वालों की बाबत लोगों को जागरूक किया। सघन प्रवर्तन कार्यवाही की गई। 277 पम्पलेट बांटे गये। आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई।

परिवहन निगम के चालकों/परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति एवं नेत्र परीक्षण की बाबत बताया गया। यातायात नियमों को पालन करने को सभी को प्रेरित किया।

## युवक ने की आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के वार्ड 14 पण्डित दीनदयाल उपाध्याय नगर अहिरन पुरवा के सोमचंद्र उर्फ बउवा (24) पुत्र पप्पू यादव ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।


मंगलवार की रात सोमचन्द्र उर्फ बउवा पुत्र पप्पू यादव ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। दो वर्ष पहले उसका मालती निवासी बक्टा से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में विवाद होता था। उसके एक वर्ष की पुत्री है। वह पांच दिन पहले अहमदाबाद से मजदूरी कर घर आया था। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

## राजापुर पुलिस ने तीन वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय की टीम ने मारपीट के वारंटी साधु उर्फ जयकरण यादव पुत्र चंद्रभान यादव व घनश्याम उर्फ राजू यादव पुत्र चंद्रभान यादव तथा राजकरण पुत्र चंद्रभान यादव निवासी चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय, सिपाही धीरेंद्र यादव, मनोज कुमार शामिल रहे।

## बेलौहन पुरवा की सडक बनवाने को विधायक से गुहार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यालय से सटे कोलगदहिया मजरे बेलौहन पुरवा के वाशिंदों को पक्की सड़क नहीं मिल रही। बारिश के मौसम में ग्रामीण कीचड से होकर गुजरने को विवश हैं। बुंदेली सेना ने मानिकपुर विधायक से समस्या निदान की मांग की है।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि कछार पुरवा-कोलगदहिया सम्पर्क मार्ग से बेलौहन पुरवा का रास्ता है। मुख्य सड़क से बेलौहन पुरवा की दूरी पांच सौ मीटर है। 20-25 घरों के पुरवा की आबादी आज भी कच्चे कीचड युक्त मार्ग से आवागमन करने को मजबूर हैं। आलम ये है कि बारिश दौरान रास्ते से निकलना दूभर हो जाता है। मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत के इस मजरे में सड़क की समस्या शुरू से बनी है। तमाम सरकारें आई और गईं, लेकिन बेलौहन पुरवा के हालात नहीं सुधरे। मूलभूत सुविधाओं को ग्रामीण परेशान हैं। बुंदेली सेना ने मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी से समस्या निदान की मांग की है।

## बीड़ी देने से इंकार करने पर युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में बीड़ी देने से इंकार करने पर बदमाश ने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। हमले के दौरान आरोपित ने युवक के साथ मौजूद उसकी महिला मित्र पर भी चाकू से हमला किया। बाद में आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान शाहबाद डेयरी निवासी संजय मिश्रा (35) के रूप में हुई है। हमले में घायल संजय की दोस्त शोभा को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हत्या के आरोप में पकड़े गए आरोपित की पहचान सत्यवान (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

## इस्लामाबाद में मूसलाधार बारिश, इमारत की दीवार ढही, 11 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के नून थाना क्षेत्र में पेशावर रोड पर बुधवार को मूसलाधार बरसात के दौरान एक इमारत की दीवार ढह गई। मलबे में दबने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। मलबे में और भी लोगों के दबे होने की आशंका है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर में मानसून की बरसात आफत बनकर आई है। दोनों शहर



लगभग जलमग्न हैं। इस्लामाबाद औद्योगिक क्षेत्र ढ्ढ-9 के पुलिस अधीक्षक खान जेब के अनुसार, मशीनरी की मदद से 11 लोगों के शव मलबे से बरामद किए गए हैं। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के कार्यकारी निदेशक डॉ. इमरान सिकंदर के प्रवक्ता डॉ. मुबाशिर दाहा के अनुसार, उनके यहां 11 शव भेजे गए हैं। सभी मृतक मजदूर हैं। छह घायलों को भी लाया गया है। इनमें एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बाकी लोग खतरे से बाहर हैं।

## बिलावल को आम चुनाव से पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद

**इस्लामाबाद ।** विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि आगामी आम चुनाव के बाद पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आने की उम्मीद है। आम चुनाव समय पर होंगे। इस मुद्दे पर हुकूमत और फौज में कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणी यहां राजनयिक समूह के मध्य रात्रिभोज में की।



रात्रिभोज में बिलावल के अलावा कई कई प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों ने हिस्सा लिया। बिलावल ने कहा कि राजनीतिक स्थिरता देश में आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने मतदाताओं से नफरत, विभाजन और प्रतिशोध की राजनीति को बढ़ावा देने वालों को सबक सिखाने की अपील की।

### अमेरिका और भारत रणनीतिक साझेदार, रक्षा संबंध हुए मजबूतः जनरल चार्ल्स क्यू ब्राउन

**वाशिंगटन।** शीर्ष अमेरिकी सैन्य अफसर जनरल चार्ल्स क्यू ब्राउन ने कहा है अमेरिका का भारत रणनीतिक साझेदार है। दोनों देशों के सैन्य संबंध मजबूत हुए हैं। रक्षा संबंधों का का दायरा एवं भागीदारी बढ़ रही है। जनरल चार्ल्स ने यह टिप्पणी ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की पुष्टि के लिए सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों के समक्ष सुनवाई में की। ब्राउन ने कहा कि इस पद पर यदि उनके नाम की पुष्टि की जाती है, तो उनकी रणनीति मौजूदा द्विपक्षीय सैन्य संवाद, रक्षा औद्योगिक और प्रौद्योगिकी सहयोग का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के सदस्यों के साथ सुरक्षा संवाद जरूरी है।



## थाईलैंड की अदालत ने पिटा लिमजारोएनराट की प्रधानमंत्री पद की दौड़ पर विराम लगाया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने बुधवार को मूव फॉरवर्ड पार्टी नीति आठ घटक दलों के नेता और 42 वर्षीय सांसद पिटा लिमजारोएनराट के प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने की दौड़ पर फिलहाल विराम लगा दिया। संवैधानिक अदालत ने राज्य चुनाव आयोग के पिटा के संसद के सदस्य के रूप में कर्तव्यों से निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। अदालत का यह फैसला संसद में संभावित दूसरे मतदान के समय आया। यह मतदान इस बात के लिए होना था कि पिटा लिमजारोएनराट की प्रधानमंत्री के रूप में पुष्टि की जाए या नहीं। पिटा की पार्टी मई के आम चुनाव में शीर्ष पर रही। उनकी पार्टी ने आठ दलों का गठबंधन बनाया। हालांकि यह गठबंधन पिछले सप्ताह सीनेट से प्रारंभिक मतदान में पर्याप्त समर्थन हासिल करने में विफल रहा।



थाईलैंड के चुनाव आयोग ने पिटा लिमजारोएनराट के एक मामले को अदालत में भेजा था। आयोग ने कहा था कि इस इस बात के साक्ष्य हैं कि उन्होंने मीडिया कंपनी के शेयरों के कथित अघोषित स्वामित्व पर चुनाव कानून का उल्लंघन किया है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड संयुक्त राष्ट्र खाद्य शिखर सम्मेलन में भाग लेने जाएंगे इटली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल %प्रचंड% 24 से 26 जुलाई तक इटली में आयोजित हो रहे संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन 2023 में भाग लेंगे। इसके लिए वह 23 जुलाई को काठमांडू से रवाना होंगे। यह जानकारी नेपाल सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने दी। रेखा शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन में नेपाल के प्रतिनिधित्व को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह तय किया गया इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री प्रचंड हिस्सा लेंगे। यह सम्मेलन इटली स्थित संयुक्त राष्ट्र खनन एवं कृषि संगठन के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा।

प्रचंड की इटली यात्रा प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी



दूसरी विदेश यात्रा होगी। उन्होंने 31 मई से 3 जून तक भारत का दौरा किया था। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद के मुताबिक प्रचंड सितंबर में चीन दौरे पर जाएंगे। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## आतंकवाद निरोधी अदालत ने इमरान खान की जमानत अवधि 26 जुलाई तक बढ़ाई

**स्लामाबाद।** इस्लामाबाद की आतंकवाद निरोधी अदालत ने संघीय न्यायिक परिसर और इस्लामाबाद हाई कोर्ट के बाहर हिंसा से संबंधित तीन मामलों में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत अवधि 26 जुलाई तक बढ़ा दी है।



इमरान के खिलाफ मार्च में राजधानी की रमना पुलिस ने दो मामले दर्ज किए थे। उन पर दोनों स्थानों में हिंसक भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप लगाया गया था। गोलरा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ तीसरा मामला संघीय न्याय परिसर के बाहर कथित तौर पर अशांति पैदा करने के आरोप में दर्ज किया गया था। वह 18 मार्च को तोशाखाना मामले की सुनवाई के लिए यहां गए थे। आतंकवाद निरोधी अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान उन्हें 19 जुलाई को तलब किया था।

## उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दाग वाशिंगटन, जापान और सियोल को दिखाई ताकत

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार तड़के पूर्व की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। उत्तर कोरिया ने यह कदम उठाकर वाशिंगटन, जापान और दक्षिण कोरिया को संकेत दिया है कि उसे कमजोर न समझा जाए।

जापान और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने कहा है कि चार दशक में पहली बार अमेरिकी बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी के दक्षिण कोरिया के बंदरगाह पर पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद उत्तरी कोरिया ने यह हरकत की है। सियोल ने कहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया सुरक्षा वार्ता के उद्घाटन सत्र के एक दिन बाद उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर में दो कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह वार्ता सियोल से 320 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व बुसान में प्रमुख नौसैनिक अड्डे पर हुई।



दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि यह मिसाइलें सुनान क्षेत्र से सुबह 3:30 बजे से 3:46 बजे (स्थानीय समयानुसार) दागी गईं। मिसाइलों ने समुद्र में गिरने से पहले लगभग 550 किलोमीटर की दूरी तक उड़ान भरी।

## 20-21 जुलाई को भारत की यात्रा पर रहेंगे श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 20 से 21 जुलाई तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जानकारी दी गयी कि विक्रमसिंघे की इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाना व मजबूत करना है।

श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 20-21 जुलाई को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश इस साल राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान विक्रमसिंघे भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य भारतीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ परस्पर हित के विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाएगी और मजबूत करेगी। भीषण आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में पिछले साल जुलाई में जन विद्रोह के कारण गोटबाया राजपक्षे को अपदस्थ किया गया था। इसके एक साल बाद विक्रमसिंघे की यह पहली भारत यात्रा होगी। विक्रमसिंघे ने भारत के साथ अच्छे संबंधों पर जोर दिया है और इसे अपनी विदेश नीति का एक प्रमुख मुद्दा बनाया है। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि श्रीलंका भारतीय रुपये को अमेरिकी डॉलर के बराबर उपयोग करते देखना चाहता है।



विक्रमसिंघे श्रीलंका के वित्त मंत्री भी हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब श्रीलंका की कमजोर अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

## रूस का एकतरफा फैसला, यूक्रेन के साथ 'काला सागर खाद्यान्न समझौता' खत्म

**मॉस्को।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बावजूद काला सागर के रास्ते खाद्यान्न आपूर्ति के लिए रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा समझौता रूस ने एकतरफा फैसला कर खत्म कर दिया है। रूस के इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य संकट उत्पन्न होने का खतरा है।यूक्रेन पर हमले के बाद दुनिया पर तब खाद्यान्न संकट मंडराने लगा था, जब काला सागर के रास्ते से खाद्यान्न आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा सामने आया था। बाद में रूस और यूक्रेन ने इस मसले पर समझौता हुआ कि दोनों देश एक दूसरे के मालवाहक जलयानों पर हमले नहीं करेंगे। अब रूस ने एकतरफा फैसला लेकर इस समझौते को खत्म करने का एलान किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस ने खाद्यान्न समझौते से स्वयं को अलग कर लिया है। पेस्कोव ने कहा कि रूस की कुछ मांगें हैं, जब तक इन्हें पूरा नहीं किया



जाएगा, तब तक इस समझौते पर अमल शुरू नहीं किया जाएगा। रूस का यह फैसला दुनिया के लिए खतरनाक करार दिया जा रहा है और हर तरफ इस फैसले का विरोध हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि इससे लाखों लोगों के भूख से मरने का खतरा बढ़ जाएगा। अमेरिका ने इसे तानाशाही रवैया करार दिया है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वो दुनिया को अनाज की आपूर्ति करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस समझौते में यूक्रेन और रूस दोनों शामिल थे। अब रूस पीछे हट गया है, लेकिन यूक्रेन खाद्यान्न आपूर्ति जारी रखेगा। जेलेंस्की के प्रवक्ता ने कहा कि समझौते से रूस के अलग होने से यूक्रेन को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम काला सागर के जरिए आपूर्ति जारी रखेंगे। इसमें संयुक्त राष्ट्र संघ की मदद भी ली जाएगी। इसके लिए शिपिंग कंपनियों से बातचीत की गयी है और वो आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार हैं। तुर्किये के रास्ते दुनिया को अनाज पहुंचाना जारी रखा जाएगा।

## जापान में निकाली गयी कांवड़ यात्रा, बिहार से लाया गया गंगाजल

**टोक्यो।** दुनिया के तमाम देशों में होली, दीवाली और छठ जैसे आयोजन होते रहते हैं, किन्तु इस बार कांवड़ यात्रा भी सात समंदर पार जापान तक पहुंच गयी है। जापान की राजधानी टोक्यो से कांवड़ यात्रा निकाली गयी है। टोक्यो से सीतामा तक कावंड़ियों का उल्लास छाया रहा। बिहार से लाए गए गंगाजल से सीतामा के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। जानकारी के मुताबिक कांवड़ यात्रा का उत्साह इस बार जापान तक पहुंच गया है। पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक करने के लिए जापान की राजधानी टोक्यो से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ जापान और बिहार फाउंडेशन की पहल पर भारी संख्या में कावंड़िये कांवड़ यात्रा के साथ बम भोले का उद्घोष करते हुए निकले। जापान में भारत के राजदूत सीबी जॉर्ज ने मुख्य अतिथि के रूप में



कावंड़ियों को विदा किया। जापान में बिहार-झारखंड एसोसिएशन और बिहार फाउंडेशन के प्रमुख आनंद विजय सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लाया गया है। टोक्यो के फुनाबोरी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। यात्री सीतामा के शिव मंदिर तक कांधे पर पवित्र गंगाजल की कांवड़ लेकर सीतामा स्थित शिव मंदिर तक पहुंचे। वहां गंगा जल से भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। रास्ते में जगह-जगह भारतवंशियों ने इन कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। कांवड़िये भी शिव के जयघोष में डूब कर भक्ति के गीत गाते चल रहे थे।

## यूक्रेन पर सालाना चर्चा, भारत ने कहा- वह युद्ध को लेकर चिंतित, बातचीत-कूटनीति की राह पर लौटने की अपील

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में बुधवार को यूक्रेन की स्थिति पर सालाना विचार-विमर्श किया गया। यूएनजीए की इस वार्षिक चर्चा में संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत का पक्ष रखा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत यूक्रेन में संघर्ष को लेकर काफी चिंतित है। साथ ही उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति की राह पर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस बात पर जोर देना जरूरी है कि यह युद्ध

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

की वार्षिक चर्चा को संबोधित करते हुए कहा, हम आग्रह करते हैं कि शत्रुता को तत्काल समाप्त



करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाएं। जिस वैश्विक व्यवस्था की हम सभी सदस्यता लेते हैं वह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के सम्मान पर आधारित है। इन सिद्धांतों को बिना किसी अपवाद के बरकरार रखा जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, हमने लगातार इस बात की वकालत की है कि मानव जीवन की कीमत पर कभी भी कोई समाधान नहीं निकाला जा सकता है। शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। कंबोज ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि मतभेदों और विवादों को सुलझाने के लिए बातचीत ही एकमात्र समाधान है, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न लगे। शांति के रास्ते के लिए हमें कूटनीति के सभी रास्ते खुले रखने होंगे। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि युद्ध ने पूरे वैश्विक दक्षिण क्षेत्र को कैसे प्रभावित किया है।

कंबोज ने कहा, यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि जैसे-जैसे यूक्रेन संघर्ष का दायरा सामने आ रहा है, पूरे वैश्विक दक्षिण को भारी क्षति हुई है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वैश्विक दक्षिण की आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का उचित समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यूक्रेन संघर्ष पर भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित बना रहेगा। उन्होंने कहा, हम यूक्रेन को मानवीय सहायता और आर्थिक संकट से जूझ रहे वैश्विक दक्षिण में हमारे कुछ पड़ोसियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं, यहां तक कि वे भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमत पर भी नजर रख रहे हैं, जो चल रहे संघर्ष का परिणाम है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने ब्लैक सी ग्रीन पहल को पूरा समर्थन दिया है। भारत ने काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रयासों का समर्थन किया है और वर्तमान गतिरोध के शीघ्र समाधान की उम्मीद की है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने 27 जुलाई को इस्तांबुल, तुर्किये में हस्ताक्षर समारोह में कहा था कि चल रहे युद्ध के बीच काला सागर के माध्यम से यूक्रेनी अनाज निर्यात की बहाली एक ऐसी दुनिया में आशा की किरण है जिसे इसकी सख्त जरूरत है।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के मंत्री से सीपीआईबी ने की 10 घंटे तक पूछताछ, भ्रष्टाचार से जुड़ा है मामला

**सिंगापुर।** भ्रष्टाचार के एक मामले की जांच के सिलसिले में भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) ने परिवहन मंत्री एस ईश्वरन से लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह बात सामने आई है। वह मंगलवार सुबह करीब 10.50 बजे रेडहिल एस्टेट के लेंग्कोक बाहरू में सीपीआईबी भवन पहुंचे। 61 वर्षीय ईश्वरन अकेले परिसर में दाखिल हुए।

सीपीआईबी ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि ईश्वरन और होटल प्रॉपर्टी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ओंग बेंग सेंग को 11 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था और वे जांच में सहायता कर रहे हैं। एजेंसी ने जांच के बारे में विवरण नहीं दिया है। दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया और उनकी जमानत शर्तों के तहत उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए हैं। सीपीआईबी द्वारा विदेश यात्रा की अनुमति दिए जाने के बाद 77 वर्षीय ओंग सोमवार दोपहर एक निजी विमान से बाली से सिंगापुर लौट आए। वह 1,00,000 एसजीडी (सिंगापुर डॉलर) की जमानत राशि जमा करने के बाद पिछले शुक्रवार को इंडोनेशियाई रिसॉर्ट द्वीप के लिए रवाना हुए थे। ईश्वरन और ओंग को सिंगापुर की पिच को फॉर्मूला वन सर्किट का हिस्सा बनाने में प्रमुख व्यक्तियों के रूप में जाना जाता है। ओंग सिंगापुर ग्रांड प्रिक्स के अध्यक्ष हैं। सिंगापुर ग्रांड प्रिक्स हर साल मरीना बे स्ट्रीट सर्किट में एफ1 नाइट रेस का आयोजन करता है।

## ट्विटर पर नया आरोपः बुजुर्ग कर्मियों को निशाना बना की गई छंटनी, मुकदमे में चार हजार करोड़ मुआवजे की मांग

**वाशिंगटन।** एलन मस्क की तरफ से ट्विटर को खरीदे जाने के बाद से ही उनकी और इस प्लेटफॉर्म की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। कर्मचारियों की छंटनी को लेकर पहले ही एक मुकदमे में घिरे ट्विटर के खिलाफ अब अदालत में एक और केस दर्ज हुआ है। इस बार मस्क की कंपनी पर बुजुर्गों को निशाना बनाकर छंटनी करने और उन्हें निकाले जाने के बाद 4 हजार 104 करोड़ रुपये (50 करोड़ डॉलर) का अलगाव भुगतान (सेवरेंस पे) न चुकाने का आरोप लगा है।

डेलावेयर फेडरल कोर्ट में दायर हुए मुकदमे में ट्विटर के पूर्व वरिष्ठ इंजीनियर क्रिस वुडफील्ड ने आरोप लगाया है कि मस्क की तरफ से ट्विटर को खरीदे जाने के बाद कंपनी ने



छंटनी में बुजुर्ग कर्मचारियों को निशाना बनाया और उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। गौरतलब है कि ट्विटर पर लगे तमाम आरोपों के बीच यह नया आरोप है। ट्विटर के खिलाफ इन मुकदमों में दावा किया गया है कि कंपनी ने अलगाव भुगतान न कर के कर्मचारी लाभ योजनाओं से जुड़े संघीय कानूनों का उल्लंघन किया है।

**छंटनी के बाद भुगतान न किए जाने का आरोप**

बताया गया है कि मुकदमा दर्ज करने वाले वुडफील्ड ट्विटर के सिएटल स्थित दफ्तर में काम करते थे। उनके मुताबिक, कंपनी ने छंटनी के बाद बार-बार अपने कर्मचारियों से कहा था कि उन्हें दो महीने की सैलरी और अन्य पेमेंट्स किए जाएंगे। लेकिन अब तक उन्हें और बाकी कर्मचारियों को यह राशि नहीं मिली है।

गौरतलब है कि मस्क ने पिछले साल अक्तूबर में ट्विटर को खरीदने के बाद कॉस्ट कटिंग से जुड़े कदमों के तहत कई कर्मचारियों की कंपनी से छुट्टी कर दी थी। कंपनी में अब कोई मीडिया रिलेशंस विभाग नहीं है। ट्विटर का कहना है कि छंटनी के बाद वह अपने सभी निकाले गए कर्मचारियों को पूरा भुगतान भी कर चुकी है। हालांकि, ट्विटर के खिलाफ पिछले हफ्ते कैलिफोर्निया फेडरल कोर्ट में भी एक मुकदमा दायर हुआ था, जिसमें पूर्व कर्मचारियों ने कहा था कि उन्हें भी करीब 4 हजार 104 करोड़ रुपये (50 करोड़ डॉलर) का अलगाव भुगतान नहीं हुआ है।

**छंटनी के बाद से लग चुके हैं कई आरोप**

ट्विटर पर इससे पहले भी अलग-अलग मुकदमों में गलत तरह से महिलाओं और दिव्यांग कर्मचारियों की छंटनी के आरोप लग चुके हैं। इसके अलावा निकाले जाने से पहले कर्मचारियों को एडवांस नोटिस न देना, बचे हुए कर्मियों को वादे के मुताबिक बोनस न देने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि, ट्विटर ने इन आरोपों को खारिज किया है।